● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 100, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 17 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी : खड़गे 5

विराट कोहली ने सन्यास को लेकर दिया बयान 6




# मेरी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ : मोदी

## मैं डंके की चोट पर कहता हूं-जब तक मोदी जिंदा है धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक न्यूज चैनल से बातचीत की। मोदी ने कहा कि भारत के सुप्रीम कोर्ट ने लगभग दो दर्जन बार कहा है कि इस देश में छ्टष्ट लाओ। हमें झूठे नैरेटिव से बचना चाहिए। इस देश में सबसे पहले संविधान के साथ खिलवाड़ पंडित नेहरू ने किया। उन्होंने संविधान में जो अमेंडमेंट लाए, वो फ्रीडम ऑफ स्पीच को रोकने के लिए था। जो लोकतंत्र के खिलाफ था, संविधान के भी खिलाफ था।

दूसरा अमेंडमेंट उनकी बेटी लाई। उन्होंने कोर्ट के जजमेंट को उलट दिया, जब देश में आंदोलन चला तो उन्होंने इमरजेंसी लगा दी। इसके बाद उनके बेटे आए, शाहबानो का जजमेंट आया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को उलट दिया। धर्म



के आधार पर आरक्षण पर मोदी ने कहा जब तक मोदी जिंदा है तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा।

पीएम मोदी ने कहा एक ही परिवार के चार लोगों ने अलग-अलग समय पर संविधान की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन लोगों के लिए संविधान को लेकर इस प्रकार की गंदी हरकतें करने का जमाना चला गया और इसलिए मैं आज डंके की चोट पर कहता हूं कि जब तक मोदी जिंदा है तब तक जो संविधान सभा की मूल भावना है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा मैं इसके लिए लड़ाई लडूंगा, जान खपा दूंगा।

धर्म के आधार पर आपने देश को बांट दिया। अब धर्म के आधार पर आप यह करोगे। क्या सिर्फ अपना पद बना रहे, कुर्सी मिलती रहे इसलिए यह खेल खेलते रहेंगे। देश इसे स्वीकार नहीं करेगा और मैं देश को एकजुट करूंगा। उसके लिए मैं अपना जीवन खपाऊंगा।

मोदी ने कहा कि हमारे पास ऑलरेडी 2019 से 2024 तक एनडीए और एनडीए प्लस के रूप में 400 सीट थीं। इसलिए मेरा कर्तव्य बनता है कि इस बार 400 पार... क्योंकि हमें निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। ये लीडरशिप का कर्तव्य है।

मोदी ने कहा आज दुनिया को भरोसा है कि ये सरकार फिर बनने वाली है। जहां तक चुनाव का सवाल है तो इस चुनाव में कमल ही कैंडिडेट है और कोई केंडिडेट नहीं है। हम सब लोग कमल के लिए काम कर रहे हैं। मैंने चुनाव को लेकर एक साल पहले पार्टी को कह दिया था कि कैंडिडेट का वेट मत करो, हमारा कैंडिडेट कमल है। हम केवल कमल के लिए ही काम कर रहे हैं। क्योंकि वो जितना कीचड़ उछालते हैं, कमल उतना ही खिलता है।

लोकतंत्र में, हमें चुनावों को केवल हार/जीत में बांटना नहीं करना चाहिए। चुनाव हमें बिना किसी व्यवधान या भटकाव के सीधे लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का मौका देते हैं। मेरा मानना है कि प्रत्येक राजनीतिक दल को मतदाताओं को अपनी विचारधाराओं के बारे में शिक्षित और सूचित करने के लिए चुनावों का पूरा उपयोग करना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि घटनाओं के लिए जवाबदेही लेने के बजाय, नेता अब दोषारोपण का खेल खेलने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# पहले चार चरणों में करीब 67 फीसदी मतदान, अब तक 45.10 करोड़ लोगों ने वोट डाला

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में औसतन 66.95 फीसदी मतदान हुआ है। अब तक 97 करोड़ में से 45.10 करोड़ वोटर्स ने मतदान किया है। चुनाव आयोग ने यह जानकारी गुरुवार 16 मई को दी।

आयोग के मुताबिक, 13 मई को हुए चौथे चरण के मतदान में 69.16 फीसदी वोटिंग हुई। यह 2019 के लोकसभा चुनावों में इसी (चौथे) चरण की तुलना में 3.65 फीसदी ज्यादा है। चुनाव के तीसरे चरण में 65.69 फीसदी मतदान हुआ, जबकि 2019 चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 फीसदी मतदान हुआ था।

543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। 20 मई तक कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि



चुनाव के बाकी चरणों में फोकस मतदाताओं को जागरूक करने और सुविधाएं देने पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव ने कहा कि यह देखकर खुशी हो रही है कि बड़ी-बड़ी हस्तियां लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक कर रही हैं। आयुक्त ने आने वाले चरणों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और मतदान करने की अपील की है।

चुनाव आयोग ने 30 अप्रैल को लोकसभा के पहले और दूसरे फेज की वोटिंग का फाइनल डेटा जारी किया था। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ। इस पर विपक्षी दल कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम ने देरी से फाइनल डेटा आने पर चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए। विपक्ष का कहना था कि आमतौर पर यह आंकड़ा मतदान के 24 घंटों के भीतर जारी कर दिया जाता है। लेकिन इस बार यह काफी देर से जारी हुआ है।

# सुको में हुई केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दायर याचिका पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी की गिरफ्तारी के विरोध में सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार 16 मई को सुनवाई की। कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने पर कहा कि उन्हें कोई विशेष छूट नहीं दी गई है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि हमने अपने फैसले में कहा था कि हमें यह न्यायसंगत लगा था। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि



इस फैसले की आलोचनात्मक समीक्षा का हम स्वागत करते हैं।

ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जमानत पर बाहर जाने के बाद चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि अगर लोगों ने आप को वोट दिया तो मुझे 2 जून को जेल नहीं जाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की दलील खारिज करते हुए कहा- ये उनका पूर्वानुमान है। इस पर हम कुछ नहीं कह सकते। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एक केंद्रीय मंत्री ने भी बयान दिया है। हालांकि उनका नाम सुनवाई के दौरान नहीं लिया गया। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाएगी।

## कोवीशील्ड के बाद कोवैक्सिन से साइड इफेक्ट्स का दावा

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सिन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं।

इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं।

# बदसलूकी केस में स्वाति मालीवाल ने लिखित शिकायत दर्ज की

## दिल्ली पुलिस ने 4 घंटे घर पर बयान दर्ज किया, केजरीवाल के पीए पर मारपीट का आरोप

**नई दिल्ली।** सीएम आवास पर बदसलूकी के मामले में आप सांसद स्वाति मालीवाल ने 3 दिन बाद आखिरकार लिखित शिकायत दर्ज करवाई। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम स्वाति के घर पहुंची और उनका बयान दर्ज किया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ स्वाति का बयान लेने उनके घर पहुंचे थे। टीम करीब 4 घंटे रही। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर स्वाति मालीवाल



के साथ बदसलूकी और मारपीट का आरोप है। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने बिभव कुमार को नोटिस भेज शुक्रवार को तलब किया है। 13 मई की सुबह 9:34 बजे दिल्ली के सीएम आवास से पुलिस के पास एक फोन आया। कॉलर ने सिर्फ एक लाइन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया, हमें सुबह 9:34 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके साथ सीएम आवास के अंदर मारपीट की गई है। उसके बाद लोकल पुलिस और एसएचओ ने कॉल का जवाब दिया। कुछ समय बाद, सांसद स्वाति मालीवाल पुलिस स्टेशन सिविल लाइंस आईं। हालांकि, इस मामले में उनकी ओर से उस समय कोई शिकायत नहीं दी गई। 14 मई को संजय सिंह ने कबूल किया कि मुख्यमंत्री आवास पर स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता हुई।

## ओडिशा के गंजाम में बीजेपी -बीजेडी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**गंजाम।** ओडिशा के गंजाम जिले में भाजपा और बीजू जनता दल कार्यकर्ताओं के बीच बुधवार देर रात पोस्टर लगाने को लेकर झड़प हो गई। इस घटना में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई, वहीं 7 लोग घायल हो गए। मारे गए शख्स की पहचान दिलीप कुमार पहाना (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि गंजाम के खालीकोटे के श्रीकृष्ण सारनपुर गांव में ये घटना हुई। भाजपा और बीजेडी दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के हाथ में नुकीले हथियार थे।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के पास सुरक्षाबलों ने गुरुवार को 2 संदिग्ध आतंकियों को मार गिराया। दोनों लाइन ऑफ कंट्रोल से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों के शव तंगधार सेक्टर में बाड़ के दूसरी ओर तरफ पड़े देखे गए। इनके पास से तलाशी के दौरान 2 पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। दोनों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। मामले में जांच जारी है। अभी भी एनकाउंटर जारी है।

पिछले महीने 5 अप्रैल को बारामुला जिले के उरी में एलओसी से घुसपैठ की कोशिश में एक आतंकवादी मार गिराया गया था। इस दौरान दूसरी तरफ से भी गोलीबारी हुई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को छह आतंकवादियों के स्कैच जारी किए। इन आतंकियों ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में पाकिस्तान से घुसपैठ की। इन्होंने जंगल में भागने से पहले गांव के विलेज गार्ड की हत्या कर दी थी। ये स्कैच विभिन्न एजेंसियों, जनता और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के बाद तैयार किए गए हैं। इस केस में पुलिस एक ओवरग्राउंड वर्कर को भी गिरफ्तारी कर चुकी है। इसी शख्स ने सीमा पार से घुसपैठ के बाद आतंकवादियों को इलाके तक पहुंचने में मदद की थी।

# सेना को इस माह मिल सकता है इग्ला-एस एयर डिफेंस सिस्टम

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को जल्द ही रूस से इग्ला-एस मैनपैड्स के दूसरे बैच की आपूर्ति होने वाली है। वैरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (वीएसएच ओआरएडी) के नए सेट की आपूर्ति मई के आखिर या जून की शुरुआत तक हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि भारत और रूस के बीच पेमेंट को लेकर कुछ दिक्कतें पेश हो रही थीं, जिसके चलते इनकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। वहीं अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है। इससे पहले अप्रैल की शुरुआत में पहले बैच में 24 इग्ला-एस की आपूर्ति की गई थी, जिनमें 100 मिसाइलें भी शामिल थीं। इग्ला-एस सिस्टम की बात करें, तो 2023 में आपातकालीन खरीद के तहत इनका ऑर्डर दिया गया था। वहीं रूस की कंपनी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत भारत में अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इनकी असेंबली करेगी। इसके तहत सेना ने 260 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट के तहत 48 इग्ला-एस लॉन्चर, 100 मिसाइलें, 48 नाइट साइट्स और एक मिसाइल टेस्टिंग स्टेशन का अनुबंध किया और जिसकी डिलीवरी मई 2024 के अंत तक शुरू होगी। वहीं मिसाइल को आयात किया जाएगा, इसके कुछ पार्ट्स जैसे साइट्स, लॉन्चर और



बैटरी को अदाणी डिफेंस भारत में असेंबली या निर्मित करेगी।

इग्ला-एस की सप्लाई मे देरी की वजह यूक्रेन-रूस वॉर को बताया जा रहा है, क्योंकि युद्ध की शुरुआत में ही रूस को अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणाली से बाहर कर दिया गया था। जिसके चलते एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम जैसी बड़ी डील्स की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही थी। वहीं अब इस मुद्दे को सुलझा लिया गया है।

इग्ला-एस हाथ से चलने वाला डिफेंस सिस्टम है, जिसे कोई भी कंधे से ऑपरेट किया जाता है। इसे नीची उड़ान वाले विमानों, हेप्टर और यूएवी को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है और यह क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों की पहचान कर उन्हें निशाना बना सकता है। एयर डिफेंस सिस्टम में ये सभी प्रणालियां एक साथ मिल कर काम करती हैं। यह मिसाइल सिस्टम 500 मीटर से छह किमी तक मार कर सकता है।

# अधीर रंजन बोले- मुझे ममता पर भरोसा नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार (16 मई) को कहा कि मुझे पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर भरोसा नहीं है। वह इंडिया ब्लॉक छोड़कर भाग गईं। वह आगे भी गठबंधन छोड़कर जा सकती हैं।

दरअसल, ममता ने बुधवार (15 मई) को कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद अगर इंडिया सत्ता में आता है तो वह उसे बाहर से हर तरह का समर्थन देंगी। ममता ने यह भी साफ किया कि उनका ये समर्थन बंगाल कांग्रेस के लिए नहीं, बल्कि दिल्ली में बनने वाली गठबंधन की सरकार को रहेगा।

ममता के बयान पर अधीर



रंजन ने कहा- ममता का कोई भरोसा नहीं है। अगर भाजपा मजबूत रही तो ममता उनकी तरफ भी जा सकती हैं। ममता पहले कांग्रेस को खत्म करने की बात करती थीं। वह कहती थीं कि कांग्रेस को 40 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी। अब वह कह रही हैं कि इंडिया को समर्थन देंगी। इसका मतलब है कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक सत्ता में आ रही है।

## झरोखा




# एनआईए की चार्जशीट-म्यामांर से मणिपुर को अस्थिर करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपनी एक चार्जशीट में कहा है कि म्यांमार से मणिपुर को अस्थिर करने की कोशिशें हो रही हैं। केंद्र सरकार को इनपुट मिले थे कि सीमापार स्थित नगा विद्रोही गुट दो प्रतिबंधित मैतेई संगठनों की मदद कर रहा है। एनआईए ने चार्जशीट असम के कोर्ट में पेश की है। एनआईए के मुताबिक, हमने चाइना-म्यामांर मॉड्यूल के 5 आरोपियों को पिछले साल जुलाई में गिरफ्तार किया था। चाइना-म्यामांर मॉड्यूल म्यांमार से संचालित है और नेशनल सोशियालिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड से जुड़ा है। गिरफ्तार किए गए लोगों ने बताया कि चाइना-म्यामांर मॉड्यूल भारत में घुसपैठ के लिए दो प्रतिबंधित मैतेई संगठनों की मदद करता है। मणिपुर में सुरक्षा अधिकारियों ने बताया है कि राज्य में 8 से 13 मई के बीच करीब 13 लोगों को किडनैप किया गया है। इनमें 4 पुलिसकर्मी और एक सीआरपीएफ का जवान भी शामिल है। बाकी स्थानीय लोग हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि अगवा किए गए लोगों की वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है, क्योंकि ज्यादातर परिवार गायब हुए लोगों की पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराते।

मणिपुर पुलिस ने किडनैपिंग की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को अरेस्ट किया है। इसमें मैतेई मिलिशिया ग्रुप अरामबाई तेंगगोल के दो मेंबर भी हैं। जिन पर पूर्वी इंफाल के कांगपोकपी जिले से चार पुलिसकर्मियों को अगवा करने के आरोप हैं। एक सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक, अगवा किए गए चारों पुलिसकर्मी न तो मैतेई थे, न ही कुकी।

# राजमाता माधवी राजे पंचतत्व में विलीन, श्रद्धांजलि के लिए उमड़ा जनसैलाब

**ग्वालियर।** सिंधिया राजघराने की राजमाता व ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां का निधन हो गया था। आज यानी गुरुवार को ग्वालियर में माधवी पंचतत्व में विलीन हो गई। जहां सिंधिया राजघराने के साथ राजनीतिक जगत की तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। वहीं नेपाल, कश्मीर और गायकवाड़ राजघराने के साथ ही कई बड़ी हस्तियां श्रद्धांजलि देने पहुंची हैं।

बता दें, बुधवार सुबह राजमाता माधवी राजे सिंधिया ने दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली थी। दिल्ली स्थित सिंधिया के घर में बीती शाम राजमाता का पार्थिव शरीर रखा गया था, जहां अंतिम दर्शन के लिए कई हस्तियां पहुंची थी। वहीं, गुरुवार को उनकी पार्थिव देह एमपी के ग्वालियर लाई गई, जहां रानी महल में दो घंटे के लिए पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। बता दें कि उनके



बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां को मुखाग्नि दी।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने भी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत दुखी होने वाला दिन है, व्यथित होने वाला दिन है। राजमाता जी हमारे बीच में नहीं रहीं, वह बहुत ही व्यवहार कुशल रही हैं। उन्होंने कैलाश वासी माधवराव सिंधिया के जिस-जिस से संबंध रहे हैं, उन्होंने उन सब से संबंध निभाये हैं। सिंधिया परिवार की सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के नाते उनका जाना सिंधिया परिवार और ग्वालियर चंबल अंचल के लिए अपूरणीय क्षति है। ग्वालियर पहुंचे मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने कहा, राजमाता जी का यूं जाना ग्वालियर और सिंधिया परिवार ही नहीं प्रदेश के लिए एक छति है। इस दुखी की घड़ी में हम सिंधिया परिवार के सहभागी हैं। मैं श्रद्धांजलि देने आया हूं, मां का जाना किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत ही दुखद होता है। हमारे नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता का निधन हुआ है। राजमाता का निधन हुआ है, यह बहुत दुख की घड़ी है। हम सिंधिया परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में सहभागी हैं।

मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धा सुमन अर्पित करने। उन्होंने कहा, अपूरणीय क्षति है। राजमाता का यूं जाना, राजमाता का विशेष प्रभाव और इस समूचे अंचल में हमेशा से रहा है। एक लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हुआ है। उनका हम सबको छोड़कर जाना दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सिंधिया जी को इस दुख को सहन करने की शक्ति मिले।

सीएम मोहन यादव ने राजमाता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, हमारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता जी का दुखद निधन हुआ है। मैं अपनी और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करता हूं। परमपिता परमेश्वर से कामना करता हूं कि महाकाल बाबा उनको मोक्ष प्रदान करें। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां व ग्वालियर राज परिवार की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का पार्थिव शरीर आज अंतिम दर्शन एवं संस्कार के लिए ग्वालियर लाया गया। कल दिल्ली के एम्स में देहावसान के बाद हवाई जहाज़ से शरीर को ग्वालियर लाया गया।

# बदमाशो को पकड़ने खटारा वाहनों से दौड़ लगा रही है पुलिस

## संसाधनों का अभाव, मुख्यालय से मांग किए जाने कही जा रही है बात

**सिंगरौली।** ऊर्जाधानी की पुलिस दस साल पुरानी व दो लाख किलोमीटर से अधिक चल चुके खटारा वाहनों के भरोसे अपराध पर लगाम लगाने की कोशिश में जुटी है। पुलिस ऐसे वाहनों से बदमाशों का पीछा करती है जो कभी भी दगा दे जाते हैं। ज्यादातर थानों की गाड़ियां न केवल निर्धारित किलोमीटर से ज्यादा चल चुकी हैं बल्कि इनके कलपुर्जे भी पुराने हो चुके हैं। किसी को धक्का मारकर चालू करना पड़ता है तो कोई चलते-चलते बीच रास्ते में ही बंद हो जाती है। ऐसे में अपराधियों तक पुलिस कैसे पहुंच पाएगी। हालात ऐसे हैं कि पुलिस अपनी जान पर खेलकर चोर-बदमाशों से टक्कर लेने को मजबूर है।

जिले में पुलिस विभाग के अधिकारी जहां वीआइपी लग्जरी वाहनों से चलते हैं। वहीं



दूसरी ओर बदमाशों को पकड़ने के लिए दिन-रात दौड़ लगाने वाली पुलिस को खटारा वाहन उपलब्ध हैं। वाहन की वैधता खत्म होने के बावजूद न तो वाहनों को बदला जा रहा है और न ही उनका उचित मेंटिनेंस कराया जा रहा है। ऐसे में अनफिट वाहनों से हादसा होने की संभावनाओं को इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि पुलिस अफसर इसे वजह नहीं मानते क्योंकि हालात को सुधारने के लिए उनकी ओर से इस दिशा पर पहल की जा रही है। यह बात और है कि आज भी पुराने ढर्रे पर पुलिसिंग जारी है। वही पुराने वाहन और वही कार्यशैली। खटारा वाहनों से जब बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस पहुंचती है तो इससे पहले खटारा वाहन की आवाज बदमाशों के कान में गूंजती है। तब तक में बदमाश अलर्ट हो जाते हैं। जो वाहन कबाड़ हो चुके हैं उनमें सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहन शामिल हैं। जिनका इस्तेमाल अक्सर इमरजेंसी के वक्त ही किया जाता है। ऐसे में वाहनों का फिट नहीं होना एक गंभीर विषय है। पुलिस अधिकारियों से जब पूछा गया कि जिले में कितने सरकारी वाहन हैं। उनमें कितने वाहन 15 साल से पुराने हैं। तो उन्होंने मौन धारण कर लिया। दरअसल उन्हें खुद इस बारे में कोई जानकारी भी नहीं है। क्योंकि पूरा सिस्टम जुगाड़ पर चल रहा है। महकमे ने कभी स्थिति में बदलाव की जरूरत ही नहीं समझी लेकिन अधिकारियों की लग्जरी गाड़ी साल दो साल पर जरूर बदली जाती है।अपराध पर नियंत्रण व 15 लाख से अधिक की आबादी को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार सिंगरौली पुलिस को वर्तमान में 25 से अधिक वाहनों की जरूरत है। कागज पर अभी छोटे-बड़े व हल्के मिलाकर 70 वाहनों को उपयोगी बताया गया है जबकि हकीकत इससे कोसों दूर हैं। वाहन बिक्री कर रहे एजेंसी संचालकों का मानना है कि करीब डेढ़ लाख किलोमीटर तक कोई भी गाड़ी सुचारू हालत में होती है। इसके बाद उसे कंडम यानी अनुपयोगी घोषित कर दिया जाता है। ऐसे वाहन किसी भी वक्त धोखा दे सकते हैं। ये वाहन किसी भी हाल में पुलिसिंग के लिए उपयोग में नहीं लाए जा सकते। यही कारण है कि पुलिस के सामने अपराधी वारदात कर फरार हो जाते हैं और हरकत बाद में शुरू होती है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

## डेंगू से बचाव के लिए दी गई विभिन्न जानकारियां

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला मलेरिया अधिकारी सभागार में शहरी आशाओं की कार्यशाला की गई। जिसमें उन्हे डेंगू रोग, कारण, बचाव, उपचार एवं प्रतिबंधात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जून से अक्टूबर तक की जाने वाली नियमित गतिविधियां जैसे बुखार के मरीजों की जॉच एवं लार्वा सर्वे एवं विनष्टिकरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रपत्र एवं लार्वा नाशी टेमेफॉस वितरित किया गया। कार्यशाला में 38 शहरी आशा उपस्थित हुई थी। जिले के अंतर्गत डेंगू संबंधी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एवं ग्रामों में दी गई। शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में डेंगू/ मलेरिया रथ चलाया जायेगा, जो जनमासन को डेंगू से बचाव संबंधी जानकारी प्रदाय करेगा। जिला मलेरिया अधिकारी नागेन्द्र सिंह द्वारा ने अपील किया है कि अपने आसपास मच्छरजन्य परिस्थितियां न उत्पन्न होने दें। यदि




तेज बुखार है, हड्डियों में दर्द , ऑख घुमाने पर ऑख के पिछले भाग में दर्द होता है, हाथ सीने में चकत्ते पडतें है तो तुरंत जिला चिकित्सालय में डेंगू की जॉच कराएँ एवं इलाज कराये। यदि डेंगू हो गया है तो दिन भर पानी पिये एवं बुखार आने पर पैरासिटमोल लें, दर्द निवारक गोलियां बिलकुल न लें एवं दिनभर आराम करें। 90 प्रतिशत डेंगू के मरीज लगभग एक सप्ताह में घर में ही स्वस्थ हो जाते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनके जैन ने कहा कि डेंगू एडिज मच्छर के द्वारा फैलाया जाता है। यह मच्छर साफ पानी में पलता है,जैसे टंकी, कूलर, गमले, टीन के बर्तन इत्यादि। कुलर, टंकी को सप्ताह में एक बार चेक करें कि कही एडिज मच्छर का लार्वा तो नही पनप रहा है।

अगर पनप रहा है तो उसे खाली करके नष्ट कर दें या एक ढक्कन मीठा तेल पानी पीने की टंकी में डाल दे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें एवं अन्य मच्छरनाशी अन्य उपाय जैसे नीम की पत्तियो का धुआं, कॉयल, अगरबत्ती, गुड नाइट इत्यादि का प्रयोंग करें।

# धार्मिक स्थल पर आसमाजिक तत्वों ने मूर्ति किया खंडित

## सरई पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी



**सिंगरौली।** सरई नगर परिषद के वार्ड 13 में स्थित धार्मिक स्थल में असामाजिक तत्वों ने मूर्ति खंडित किया है। धार्मिक स्थल पहुंचे स्थानीय लोगों ने देखा तो प्रतिमा खंडित होकर गिरी थी। रहवासियों ने इसकी शिकायत सरई थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद तलाश में जुटी है। रहवासियों ने बताया है कि असामाजिक तत्वों की ओर से धार्मिक स्थल पर न केवल मूर्ति को खंडित किया गया है बल्कि दीवार पर विवादित शब्दों का प्रयोग किया है। धार्मिक स्थल पर यह सब देखने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। सरई थाने में शिकायत करते हुए मांग किया है कि ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही असामाजिक तत्वों को पुलिस गिरफ्तार करेगी। बताया गया है कि पूर्व में भी सरई में धार्मिक स्थल पर मूर्ति को खंडित किए जाने का मामला सामने आया था। हालांकि उस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया था। इस बार भी शिकायत के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है और असामाजिक तत्वों की तलाश में पुलिस जुटी है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

सिंगरौली

एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली टाउनशिप में स्वच्छता जागरूकता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

इस स्वच्छता जागरूकता रैली में एनटीपीसी एवं सीआईएसएफ कर्मचारियों द्वारा भारी संख्या में प्रतिभागिता कर स्वच्छता संदेश जन-जन तक पाहुचाया गया। राजीव अकोटकर एवं अन्य वरिष्ठ




अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता गांधी जी के कदमों पर चलते हुए एनटीपीसी सिंगरौली आवासीय परिसर स्थित संगम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं जन भागीदारी के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छता हमारी जीवन शैली का अहम हिस्सा है एवं हमें निजी स्वच्छता के साथ-साथ समाज एवं देश को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर राजीव अकोटकर द्वारा सभी एनटीपीसी कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मियों एवं सविंदा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। तदुपरान्त राजीव अकोटकर ने कहा कि हम सबको स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए एवं स्वच्छता हेतु सभी को समय देना चाहिए। हम सभी को 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करना चाहिए एवं सभी को गाँव दृ गाँव और गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन कर प्रचार करना चाहिए। इस अवसर पर एल के बेहरा मुख्य महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज, अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन,जोसफ बास्टियन महाप्रबंधक एडीएम, सिद्धार्थ मण्डल विभागाध्यक्षमानव संसाधन, उपेंद्र प्रताप सिंह उप कमांडेंट सीआईएसएफ अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं,सीआईएसएफ कर्मी,1यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, संविदा कर्मी, बच्चे आदि उपस्थित रहें। इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई तक एनटीपीसी सिंगरौली में अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एनटीपीसी कर्मचारियों, बच्चों, गृहिणियों, संविदा कर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान का आयोजन प्रस्तावित है।

# कृषकों के लिए फसल ऋण की देय तिथि 31 मई तक

**सिंगरौली।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋ ण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋ ण की देय तिथि 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे गेंहूं,चना,मसूर,सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अन्तिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित 30 अप्रैल को बढ़ाकर 31 मई तक किया गया।

# युवाओं को स्वावलंबी बनाने क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश सेडमेप के द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न सेक्टरों में युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जायेंगे। इस हेतु व्यापक कार्यक्रम तैयार किया गया है। इच्छुक छोटे व्यवसाय उद्यमियों के लिए व्यवसायिक उद्यमों की स्थापना को सुविधा जनक बनाने और मौजूदा इकाईयों को बढावा देगा। पठन सामग्री विडियों आधारित ट्यूटोरियल केस आधारित पाठ्यक्रम प्रदान किये जायेंगे।

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

**सिंगरौली।** विकासखंड चितरंगी अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत मोहगाड़ी में विशेष जनजाति समुदाय में टीबी की रोकथाम एवं सिकल सेल एनीमिया के रोगियों के चिन्हाकन हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एचएस बैस आए हुए लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में आए हुए मरीजों को एसटीएलएस शिवलाल रावत द्वारा टीवी के लक्षण एवं सिकल सेल एनीमिया के लक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक



जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी आती है,रुक-रुक कर बुखार होता है,सीने में दर्द होता है तो वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपने बलगम की जांच कराए। स्वास्थ्य शिविर में आए हुए सभी मरीजों का मलेरिया सिकल सेल एवं बीपी की जांच की गई एवं टीवी के संभावित रोगियों का सैंपल कलेक्शन कर जांच हेतु भेजा गया। शिविर में 52 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से नंदलाल तिवारी, पुष्पराज सिंह,शिव प्रसाद सिंह, आशा सुपरवाइजर राजकुमारी जायसवाल, आशा रूपा सिंह तथा पीरामल फाउंडेशन से डीपीओ और तुलसी कुशवाहा गांधी फेलो अक्षय कुमार राजेश तथा प्रेम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डीएलएड पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सिंगरौली।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, से एम पी ऑनलाईन के माध्यंम से शुरू कर दी गई है।उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

# समर कैंप में बच्चों के शारीरिक, रचनात्मक एवं बौद्धिक विकास पर किया जा रहा फोकस



**सिंगरौली।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा सिंगरौली जिले के महान एनर्जेन लिमिटेड के परियोजना क्षेत्र में विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 20 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। 1 से 20 मई तक चलने वाले इस समर कैंप का आयोजन प्रोजेक्ट उत्थान के अंतर्गत नगवा, बंधौरा, खैराही, करसुआलाल, करसुआराजा, रैला, सुहिरा और अमिलिया पंचायतों में किया जा रहा है। इस समर कैंप में 21 शासकीय विद्यालयों के पहली से सातवीं कक्षा तक के 700 से ज्यादा बच्चे प्रतिदिन हिस्सा ले रहे हैं। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों में स्थानीय स्तर पर गांव के बच्चों के पाठ्येत्तर हुनर को विविध रंगों में संवारने की कोशिश है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के आर्ट और क्राफ्ट, खेल, नृत्य आदि के द्वारा बच्चों के मानसिकए शारीरिक एवं बौद्धिक गुणों को विकसित करने का प्रयास किया जाता है। शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे योग,जुम्बा नृत्य, मैजिकल ट्रिक्स, ड्राइंग, स्टोन पेंटिंग, क्ले आर्ट, फु गडी नृत्य, बलून गेम इत्यादि के जरिए बच्चों के शारीरिक, रचनात्मक एवं बौद्धिक विकास पर फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा व्यक्तित्व विकास के प्रशिक्षण सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। जिसमें उत्साहवर्द्धन के लिए प्रतिभागियों को पुरष्कृत भी किया गया। ट्रेनिंग दे रहे प्रशिक्षक का कहना है किए इन शिविरों के दौरान छात्र बिना किसी हिचकिचाहट के प्रशिक्षकों से सवाल पूछते हैं, जिससे विद्यार्थियों के मन से डर निकल जाता है और अपने आप को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।

# तेंदूपत्ता तोड़ रही दो महिलाओं पर जंगली सुअर ने किया हमला, घायल

## वन परिक्षेत्राधिकारी को आवेदन देकर मदद की लगाई गुहार

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के तिनगुड़ी चौकी अंतर्गत गुरूवार की दोपहर लगभग 12 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने फुलझर के जंगल में गई दो महिलाओं के ऊपर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। घटना के बाद जब महिलाओं ने हल्ला गुहार मचाई तो आसपास मौजूद लोगो ने पहुंचकर सुअरों को भगाया। जहां एक निजी वाहन के माध्यम से सरई स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। इधर घायल महिलाओं ने वनपरिक्षेत्राधिकारी सरई के नाम आवेदन पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार

बूटी सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी फुलझर व मानकुमारी सिंह निवासी तेंदुहा उम्र 35 वर्ष गुरूवार की दोपहर तेंदूपत्ता तोड़ने



फुलझर के जंगल में गई थी। जहां दोनो महिलाओं पर जंगली सुअरो ने हमला कर दिया। जहां इस घटना में दोनो महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई। महिलाओं की चीख पुकार सुन आसपास तेंदूपत्ता तोड़ रहे लोगो ने पहुंचकर जंगली सुअरों को भगाया। लोगो ने घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी लेकिन मौके पर कोई अधिकारी नही पहुंचे और न तो एम्बूलेंस पहुंची। फिर परिजनों ने घायल महिलाओं को उपचार के लिए एक निजी वाहन से स्थानीय जिला पंचायत सभापति राय सिंह मरावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में भर्ती कराया है। जहां उपचार चल रहा है।

### घायल महिला ने लगाई मदद की गुहार

इधर बताते चले कि बूटी सिंह पति रामलाल सिंह ग्राम फुलझर वन परिक्षेत्राधिकारी के नाम आवेदन लिखकर मदद की गुहार लगाई है। दिए आवेदन मे लिखा है कि 16 मई की सुबह 6 बजे फुलझर के पश्चिम तरफ गोजगहवां-ठूठीपीपर जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। तभी तेंदूपत्ता तोड़ते समय लगभग 10 बजे जंगली जानवर सुअर दौड़ते हुए और मेरे ऊपर हमला कर दिया। जिससे मेरे बांए कंधे पर दांत लगाकर चीर दिया जहां 7 से 8 इंच फट गया है और मेरे बांए हांथ की अंगुली एक टूट गई है। मै जब चिल्लाने लगी तो जवाहर सिंह,राजूलाल सिंह,छत्रपाल सिंह व अन्य कई लोग एकत्र हो गए और बीच बचाए किए तब मेरी जान जंगली सुअरों से बची। इस घटना में मुझे गंभीर चोंटे आई है। घटना की जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए।

### कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल

# शासकीय हाई स्कूल भगोहर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

## अवकाश दिनों में भी चली रेमेडियल कक्षा



**सीधी**

ग्रामीण आदिवासी बाहुल्य गांव भगोहर का माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं कक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 56 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, 38 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुये। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम ले आने के पीछे भी एक कहानी छुपी है। यह वहां के प्राचार्य और शिक्षकों की अथक परिश्रम का परिणाम है।

प्रभारी प्राचार्य रामकुमार सिंह हिन्दी विषय के शिक्षक, कमलेश्वर शर्मा संस्कृत विषय के शिक्षक, दल प्रताप सिंह सामाजिक विज्ञान के नियमित शिक्षक के अतिरिक्त अन्य तीन मुख्य विषय का अध्यापन अतिथि शिक्षकों द्वारा पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ किया गया। गणित में ज्योति पाण्डेय, अंग्रेजी में तुलसी सिंह और विज्ञान में लक्ष्मण सिंह द्वारा विद्यार्थियों के साथ मेहनत की गई। राधेकृष्ण यादव प्रयोगशाला कक्ष की जिम्मेदारी बखूबी निभाते रहे। शिक्षक दल प्रताप सिंह बच्चों को अध्यापन कार्य के अतिरिक्त खेल भी खिलाते रहे।

प्राचार्य रामकुमार सिंह बताते हैं कि यह सफलता विद्यालय परिवार की है। हम लोगों ने विद्यालय में अत्यधिक अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क किया एवं कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया। उपस्थिति बढ़ाने के लिये सी.सी.एल.ई. एवं खेल का सहारा लिया। तिमाही एवं छमाही परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों की कॉपियों के मूल्यांकन से अत्याधिक कमजोर विद्यार्थियों की पहचान हो गई। इन विद्यार्थियों के लिये रेमेडियल कक्षाएँ संचालित करने के साथ ही अवकाश के दिनों में भी कक्षाएं संचालित कराई गई। प्राचार्य का यह भी कहना है कि इस सफलता के पीछे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। समय- समय पर मार्ग दर्शन एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने की प्रेरणा यही से प्राप्त हुई।

## मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए आईडी कार्ड होगा अनिवार्य

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगतणना दिनांक 04.06.2024 को संजय गॉधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के पुराना भवन में किया जाना पूर्व से निर्धारित है। मतगणना स्थल एवं मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए आईडी कार्ड (आयोग द्वारा निर्धारित फार्मेट) का होना आवश्यक है।

उन्होंने मतगणना दिनांक 04.06.2024 के लिए मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए राजनैतिक दल प्रमुख एवं अधिकृत एजेन्टों के नामों की सूची, आधारकार्ड की छायाप्रति एवं 02 फोटो के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया है, ताकि समस्त एजेन्टों का प्रवेश पास जारी किया जा सके।

# जिला जेल में निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

### ई-संजीवनी योजना अंतर्गत टेली मेडिसीन प्रणाली का प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया शुभारंभ




**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के द्वारा जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता तथा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान ई-संजीवनी योजना अंतर्गत टेली मेडिसीन प्रणाली का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। टेली मेडिसीन प्रणाली अंतर्गत बंदियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अस्पताल सीधी के चिकित्सकों द्वारा तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें मरीज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सकों से बात कर परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने कहा कि अभिरक्षा में निरूद्ध प्रत्येक बंदी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत अधिवक्ता की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। निःशुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है। श्री पाण्डेय ने सजा यापता बंदियों को यह निर्देशित करते हुए कहा कि जब भी वे समाज में वापस लौटे तो एक अच्छे नागरिक की तरह अपना जीवन यापन करें एवं देश की प्रगति में अपना योगदान दे।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, जेल अधीक्षक श्री रवि शंकर पटेल, उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म के शिकायतों के निराकरण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

### शिकायत और सुझाव व्यवस्थित और पूरी जानकारी के साथ दे

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम में आम जनता द्वारा प्राप्त होनी वाली शिकायतों एवं समस्याओं का समयावधि में कार्यवाही करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नोडल अधिकारी कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर प्राप्त हाने वाली शिकायतों, समस्याओं को संबंधित विभाग को तत्काल अग्रेषित कर कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश देगीं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म की शिकायत का स्क्रीनशाट लेकर उसे सही तरीके से कॉपी कर संबंधित विभाग के अधिकारी को व्हाट्सएप, मेल आदि पर तत्काल प्रेषित कर कार्यवाही उपरांत रिपोर्ट लेगीं तथा मूल शिकायत, सुझाव आदि पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही सहित समस्त जानकारी प्रत्येक समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत करेंगी।

कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम में जब भी कोई कमेंट, शिकायत और सुझाव दे तो उसे व्यवस्थित और पूरी जानकारी के साथ दिया जाये ताकि उस पर आगे की कार्यवाही के लिए सबंधितों को निराकरण के निर्देश दिए जा सकें तथा कॉमेंट में फोन नंबर अवश्य दर्ज करें जिससे संपर्क स्थापित किया जा सके।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**सीधी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 मई 2024 को "राष्ट्रीय डेंगू दिवस" के रूप में मनाया गया, जिसकी थीम कनेक्ट विथ कम्यूनिटी, कन्ट्रोल डेंगू है। जिला मलेरिया अधिकारी हरि ओम सिंह द्वारा बताया गया कि डेंगू रोग के उपचार के लिए वर्तमान में वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, इस स्थिति में डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए वैक्टर कन्ट्रोल गतिविधि सक्रिय रूप से किया जाना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा वैक्टर प्रबंधन हेतु एण्टी लार्वा सर्वे गतिविधि करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त विकासखण्डों में लोगों को डेंगू बीमारी से बचाव व जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से एम.आई., एम.टी.एस., सी.एच.ओ. व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जैसे-रैली, चौपाल, पम्पलेट वितरण, शपथ कार्यक्रम, कार्यशाला आदि आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार होने पर मरीज को सिरदर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, आखों के पीछे दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुँह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर लाल चकत्ते उभरना जैसे लक्षण दिखते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई.जे. गुप्ता द्वारा आमजन से अपील की गई कि डेंगू बुखार से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का अवश्य उपयोग करें। घर के दरवाजे व खिड़कियों में मच्छर रोधी जाली लगायें। कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पानी के पीने के बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सुखाकर प्रयोग करें। डेंगू बुखार के लक्षण दिखाई देने पर शासकीय जिला चिकित्सालय सीधी में एलाइजा विधि से निःशुल्क जाँच करायें। बिना चिकित्सक की सलाह के कोई दवा न लें एवं एस्प्रिन का सेवन बिल्कुल न करें।



सीधी जिला के जिला व्ही.बी.डी. कन्सल्टेन्ट डॉ ज्ञानेन्द्र पाठक द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू बुखार एक संक्रामक रोग है जो कि डेन नामक वायरस से होता है। इस वायरस का संक्रमण एडीज मच्छर के द्वारा काटने से होता है, इसलिए डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों के काटने से बचना जरूरी है। यह मच्छर साफ रूके हुए पानी में पैदा होता है, इसलिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में आजीविका मिशन का अभिनव प्रयास

# महिलाएं अब खेती किसानी में नई तकनीकी का करेंगी प्रयोग

**सीधी।** म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखण्ड सिहावल के ग्राम खोरवा टोला की लक्ष्मी स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती मनीषा कुशवाहा नमो दीदी ड्रोन पायलट अपने खेत में ड्रोन उड़ाकर स्व सहायता समूह सदस्यों एवं ग्रामीणजनों के मध्य प्रदर्शन किया, जिसमें अंकित कुमार ड्रोन पायलेट गरूदा एरोस्पेस द्वारा तकनीकी ऑन फील्ड प्रशिक्षण दिनांक 14 से 15 मई 2024 को दिया गया। ज्ञात हो कि म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल नामदेव धोटे के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराकर आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को नयी इबारत लिख रही है। इसी क्रम में समूह अब कृषि में नवीन तकनीकी को बढ़ावा देने, फसलों की पैदावार बढ़ाने, लागत कम करने में भी भागीदारी निभा रही है। श्रीमती मनीषा कुशवाहा आज नमो दीदी ड्रोन पायलट के रूप में इन्दौर के प्रेस्टीज कॉलेज में प्रथम चरण का प्रशिक्षण शेयरिंग एरोटेक कंपनी के विशेषज्ञो द्वारा प्राप्त किया, द्वितीय प्रशिक्षण भारतीय दलहन अनुसंधान संस्था भोपाल से प्रशिक्षित होने के बाद आज अपने गॉव में अपने खेतों में सफलता पूर्वक ड्रोन उड़ा रही है।



श्रीमती मनीषा कुशवाहा अपनी सफलता का श्रेय जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी जिला प्रबंधक-कृषि विजय गोस्वामी एवं सहायक विकासखण्ड प्रबंधक विनोद कुशवाहा को देती हैं।

## पीपीओ पर पेंशन भुगतान संबंधी दिशा निर्देश

**शहडोल।** जिला पेंसन अधिकारी ने जानकारी दी है की संचालक पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा म0प्र भोपाल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक गोविन्द्रपुरा भोपाल से वापस प्राप्त सेवानिवृत्त/मृत कर्मचारियों/अधिकारियों (पेंशनरों के पेंशन) अदायगी आदेश पेंशन भुगतान बंद होने के उपरांत जो वर्ष 2017 तक के कुल 35 पीपीओ वापस प्राप्त हुये है, उक्त पीपीओ का परीक्षण इस बिन्दु पर किया जाना है कि सबंधित पेंशनर / परिवार पेंशनर के उपरांत भी कोई ऐसा वारिसान जो म0प्र पेंशन नियम 1976 के नियम 42 के तहत पात्रता रखता हो संबंधित विभाग के माध्यम से जिला पेंशन कार्यालय शहडोल को शासन के नियमानुसार पेंशन नियम के तहत आवेदन दिनांक 20.05.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। उक्त दिनांक तक कोई भी आवेदन प्राप्त न होने से यह माना जावेगा की जो पीपीओ भारतीय स्टेट बैंक गोविन्द्रपुरा भोपाल से वापस प्राप्त हुये है वो सभी बंद किये जाने योग्य है, एवं उनका काई भी वैद्य वारिसान जो परिवार पेंशन की पात्रता रखता है शेष नही है। समयावधि समाप्त होने के उपरांत सभी 35 पीपीओ नस्तीवद्ध किये जाने हेतु संचालक पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा म0प्र भोपाल को सूचित कर दिये जावेगें।

## लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की सीएसआर टीम का प्रशिक्षण शिविर

**सिंगरौली।** ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और कौशल विकास के प्रसार के लिए अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज के सौजन्य से सीएसआर टीम को खास हुनर सिखाया जा रहा है। सिंगरौली में मंगलवार से आयोजित चार दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र , गुजरात और मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे सीएसआर के 41 प्रतिभागियों को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद के कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा गांवों में उद्यमिता और कौशल विकास के प्रसार के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। गांवों में उद्यमिता और कौशल विकास के प्रसार के लिए आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ सिंगरौली के चीफ ऑफ क्लस्टर बच्चा प्रसाद, क्लस्टर एचआर हेड विकास सिंह, सीएसआर के सीनियर मैनेजर छत्रपाल सिंह राठौर, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के प्रोफेसर डॉ राजेश गुप्ता एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंगलवार से शुक्रवार (14- 17 मई) तक आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में ईडीआईआई, अहमदाबाद के प्रोफेसर डॉ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में उनके टीम के द्वारा अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की सीएसआर टीम को प्रशिक्षित किया जायेगा कि कैसे ग्रामीण इलाकों में स्थानीय संसाधनों की पहचान कर हम उद्यमिता को छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से बढ़ावा दे सकते हैं और जरूरतमंद स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर और ज्यादा खुशहाल बना सकते हैं।

# थ्रेसर के चपेट में फंसकर युवक की मौत, हादसा सिहावल चौकी अंतर्गत घरबरा गांव का



**सीधी**

थ्रेसर के चपेट में आ जाने से एक युवक की मौत हो गई है। हादसा सिहावल चौकी अंतर्गत घरबरा गांव का है। थ्रेसर में फंसे युवक का शव नट बोल्ट खोलकर निकाला गया है। पुलिस पंचनामा तैयार कर पीएम के बाद स्वजन को सौंप दिया है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

जगजीवन पटेल पुत्र हरि प्रसाद पटेल 35 वर्ष निवासी घरबरा पंचायत लिलवर खुद का ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन लेकर अपने घर से लिलवर गांव में प्रदीप पटेल के घर के पास पियरा कटाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक से उसका हाथ मशीन में की चपेट में आ गया। आगे कुछ समझ पाता इसके पहले ही मशीन ने उसके शरीर को अंदर खींच लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो मशीन के अंदर फंसे हाथ के टुकड़े टुकड़े हो गए थे। इसके साथ ही सिर भी मशीन में दब गया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही गांव मोहल्ले में फैली तो गांव मोहल्ले का हुजूम उमड़ पड़ा। ग्रामीणों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल में पहुंच गए।

## शिक्षण की सेवा पवित्र सेवा : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद ने कहा है कि शिक्षण की सेवा बहुत ही पवित्र सेवा होती है। हम सब का धर्म है कि हम जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उस क्षेत्र का मान और सम्मान बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जैसा चाहे वैसा समाज का निर्माण कर सकता है, शिक्षक ही बेहतर समाज गढ़ता है। शहडोल संभाग में शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतर वातावरण का निर्माण हो इस हेतु सभी शिक्षक मिलकर समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक विद्यार्थियों को कैसे पढ़ना है कैसे आगे बढ़ाना है, वह बखूबी जानते हैं, बस जरूरत है, मिलकर प्रयास करने की। सभी शिक्षक समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद आज शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में आयोजित संभाग स्तरीय मोटिवेशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

# इंवेस्टीगेशन एजेंसी के नाम पर ठगी, अनजान नंबर पर बात न करें

**सीधी।** इंवेस्टीगेशन एजेंसियां के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा ने आमजन को एडवाइजरी किया है। पिछले कुछ समय से मेरे समक्ष एक विशेष प्रकार के सायबर अपराधों की शिकायत देखने में आ रही है। जिसमें आम नागरिकों को किसी इंवेस्टीगेशन एजेंसी संस्था के वरिष्ठ अधिकारी के नाम से काल व्हाट्सएप कॉल करके बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है।

पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार का अपराध देखने में आ रहा है, जिसमें साइबर अपराधी कॉल अथवा वाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क करते हैं। यह कॉल अधिकांशतः +92 (पाकिस्तानी) नम्बर या किसी अन्य देश के नम्बर (+91 के अतिरिक्त) से आते हैं।



संदिग्ध व्यक्ति कॉल करके आपको डराते हुए यह कहते हैं कि पेन,आधार कार्ड का उपयोग करके पार्सल भेजा गया है, जिसमें नार्कोटिक्स (नशीली) सामग्री है।

जालसाज एनसीबी, सीबीआइ, ईडी,एनआइए आदि इंवेस्टीगेशन एजेंसी के अधिकारी के नाम से बदल-बदल कर कभी कॉल, कभी वाट्सएप वीडियो कॉल करते हैं और कहते हैं कि उन्होंने आपके नाम से एक पार्सल पकड़ा है, जिसमें नार्कोटिक्स (नशीली) सामग्री है।

जालसाजों द्वारा कभी आपको कोर्ट फीस देने या जमानत देने के नाम से अथवा आपका नाम केस से हटाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है।

कभी-कभी वीडियो कॉल पर पुलिस अधिकारी से बात करने को भी कहते हैं। वीडियो कॉल पर रहते हुये आपको एक फर्जी नोटिस दे दिया जाता है, जिसमें आपको डिजिटल अरेस्ट करते हुये घर में ही रहने को कहा जाता है। और कहा जाता है कि आप स्वयं को किसी कमरे में बंद करलें तथा उनके सभी सवालों के जवाब दें। यह भी कहा जाता है कि कैमरे के सामने ही रहना है, कमरे में यदि कोई और आया तो आप दोनों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान आपको न ही किसी से संपर्क करने का मौका दिया जाता है, न ही बाहर जाने दिया जाता है और इस प्रकार आपसे मोटी रकम जमा करा ली जाती है।

अनजान नंबर खासकर जो +92 से शुरु होते हों, से आने वाले कॉल, व्हाट्सएप कॉल,वीडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं।

## संपादकीय

### अदालत ने माना- महिला पहलवानों के आरोपों में दम

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में एक बार फिर इंसाफ की उम्मीद जगी है। दिल्ली की एक अदालत ने कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूतों के आधार पर आरोप तय कर दिए हैं। छह में से पांच महिला पहलवानों के आरोपों को सही माना है। इस तरह अब बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले वर्ष जनवरी में महिला पहलवान बृजभूषण शरण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गई थीं। मगर तब पुलिस मामले को टालती रही। जब सर्वोच्च न्यायालय ने फटकार लगाई, तब मुकदमा दर्ज किया गया।फिर भी जांच को लेकर टालमटोल का रवैया बना रहा। अदालत ने फिर फटकार लगाई, तो जांच शुरू हुई। पिछले वर्ष जून में दिल्ली पुलिस ने पंद्रह सौ पन्नों का आरोपपत्र दायर किया। उसमें महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए ज्यादातर आरोप सही पाए गए थे। पुलिस ने बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, धमकाने और महिला गरिमा को आहत करने के लिए मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी। हालांकि उस पर पहली ही सुनवाई में अदालत ने मामले को एमपी-एमएलए अदालत में भेज दिया था।इस मामले में सरकार की तरफ से ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया, जिससे जाहिर हो कि वह महिला पहलवानों के पक्ष में है। पिछले वर्ष केंद्रीय खेलमंत्री ने महिला पहलवानों को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए एक जांच समिति गठित कर दी थी। मगर वह समिति चुप्पी साध कर बैठ गई। इससे नाराज पहलवान दुबारा धरने पर बैठ गईं। फिर उन्हें तरह-तरह से आंदोलन वापस लेने को विवश किया जाता रहा। जब आंदोलन कुछ उग्र होता दिखा तो पुलिस ने दमन का रास्ता अख्तियार किया और पहलवानों को धरना स्थल से उखाड़ फेंका था। उसके बाद महिला पहलवानों का हौसला जैसे पस्त पड़ गया।उन्होंने अपने पदक गंगा में बहाने की कोशिश की, फिर उन्हें प्रधानमंत्री निवास के बाहर रख आए। फिर भी बृजभूषण शरण सिंह पर कोई शिकंजा कसता नजर नहीं आया। वे बेखौफ घूमते रहे। विचित्र है कि जिन धाराओं में उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया, उनके तहत अगर कोई सामान्य नागरिक होता, तो उसे जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया होता।

किसका आदेश- शुरू से ही संविधान के आर्टिकल 341(1) में स्ट लिस्ट में धर्म के आधार पर कोई रोक नहीं है। अनुच्छेद 13 (1 और 2) कहता है कि संविधान लागू होने से पहले बना कोई भी कानून, अगर वो मौलिक अधिकारों के खिलाफ है, तो वो खत्म माना जाएगा। स्ट लिस्ट में धर्म के आधार पर रोक, यानी गैर-हिंदू दलितों को बाहर रखने का जिक्र संविधान में नहीं है। इसे 1950 में राष्ट्रपति द्वारा पारित एक आदेश के बाद पैरा 3 में डाला गया। अनुच्छेद 74 के मुताबिक, राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद की सलाह माननी होती है। इसलिए 1950 का आदेश उस समय की सरकार की इच्छा दिखाता है, न कि खुद संविधान की।

# क्या मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ थे आंबेडकर?




(खालिद अनीस अंसारी)

लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इस बीच भाजपा ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का पुराना आरोप लगाकर मुस्लिम आरक्षण पर बहस को फिर से हवा दे दी है। कुछ जाति-विरोधी लोग दलित मुसलमानों और ईसाइयों को अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल करने के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि 1950 में संविधान में यह तय हो गया था कि गैर-भारतीय धर्मों, खासकर इस्लाम और ईसाई को स्ट में नहीं रखा जाएगा। उस समय बीआर आंबेडकर कानून मंत्री थे। मेरा मानना है कि यह आधा सच है। संविधान और आंबेडकर के नाम पर यह दलील सही नहीं है।

किसका आदेश- शुरू से ही संविधान के आर्टिकल 341 (1) में स्ट लिस्ट में धर्म के आधार पर कोई रोक नहीं है। अनुच्छेद 13 (1 और 2) कहता है कि संविधान लागू होने से पहले बना कोई भी कानून, अगर वो मौलिक अधिकारों के खिलाफ है, तो वो खत्म माना जाएगा। स्ट लिस्ट में धर्म के आधार पर रोक, यानी गैर-हिंदू दलितों को बाहर रखने का जिक्र संविधान में नहीं है। इसे 1950 में राष्ट्रपति द्वारा पारित एक आदेश के बाद पैरा 3 में डाला गया। अनुच्छेद 74 के मुताबिक, राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद की सलाह माननी होती है। इसलिए 1950 का आदेश उस समय की सरकार की इच्छा दिखाता है, न कि खुद संविधान की।

कोर्ट में केस- पंजाब की चार सिख जातियों को छोड़कर पैरा 3 में सभी गैर-हिंदू समूहों को बाहर रखा गया था, लेकिन बाद में संशोधन करके एससी का दायरा बढ़ाया गया। 1956 और 1990 में बाकी सिख और दलित मूल की सभी बौद्ध जातियों को स्ट लिस्ट में शामिल किया गया। इससे दलित मुसलमान और दलित ईसाई एससी लिस्ट से बाहर हो गए। दलित मुसलमान और ईसाई इस रोक को हटाना चाहते हैं। 2004 के बाद से सुप्रीम कोर्ट में पैरा 3 को हटाने के लिए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। यह मामला 20 साल से भी ज्यादा समय से चल रहा है।

अधिकारों पर चोट- अगर संविधान के हिसाब से सिर्फ धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, तो सिर्फ धर्म के आधार पर आरक्षण से बाहर भी नहीं किया जा सकता। लेकिन, दलित मुसलमानों और दलित ईसाइयों को सिर्फ उनके धर्म की वजह से स्ट कैटिगरी से बाहर करने वाला 1950 का राष्ट्रपति का आदेश यही करता है। यह उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इससे आर्टिकल 14 (समानता), 15 (भेदभाव न करना), 16 (नौकरी में भेदभाव न करना), और आर्टिकल 25 (विवेक की आजादी) का उल्लंघन होता है।

आंबेडकर की राय नहीं पता- क्या आंबेडकर ने 1950 के आदेश का सिर्फ इसलिए समर्थन किया क्योंकि कानून मंत्रालय ने इसे जारी किया था? आम तौर पर राष्ट्रपति के आदेश को कोई संबंधित मंत्रालय जारी कर सकता है। हमें आंबेडकर की राय इस बारे में नहीं पता क्योंकि अनुच्छेद 74 (2) मंत्रिपरिषद की सलाह को गोपनीय रखता है। राष्ट्रपति के किसी भी आदेश की जिम्मेदारी मुख्य रूप से प्रधानमंत्री की होती है, जो उस समय जवाहरलाल नेहरू थे।

आंबेडकर की भूमिका- लेकिन, कुछ सवालों के जरिये आंबेडकर की भूमिका के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। कानून मंत्री होते हुए भी आंबेडकर 1950 के राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से बौद्ध धर्म को एससी लिस्ट में शामिल करने में विफल क्यों रहे? बौद्ध धर्म अपनाने के एक दिन बाद, 15 अक्टूबर, 1956 को उन्होंने एक प्रेरक भाषण दिया। इसमें उन्होंने माना था कि उनके अनुयायी बौद्ध धर्म अपनाने पर स्ट के अधिकार खो देंगे।

धर्म का असर- धार्मिक समूहों का विश्लेषण करते समय आंबेडकर धर्मशास्त्र के बजाय समाजशास्त्र को और सिद्धांतों के बजाय व्यवहार को ज्यादा महत्व देते थे। 'पाकिस्तान या भारत का विभाजन' में उन्होंने साफ लिखा है कि, 'मुसलमान न सिर्फ जाति-प्रथा, बल्कि छुआछूत भी मानते हैं'। द कंडीशंस आफ द कनवर्ट में आंबेडकर कहते हैं, 'धर्म परिवर्तन करने से अछूत की स्थिति नहीं बदलती। अछूत ईसाई बनने के बाद भी अछूत ही रहता है।'

धार्मिक अल्पसंख्यक- आर्टिकल 25 (बी) का स्पष्टीकरण सेकेण्ड, सिखों, जैनियों और बौद्धों को सिर्फ सामाजिक कल्याण, सुधार और धार्मिक संस्थानों तक आम लोगों की पहुंच के लिए 'कानूनन' हिंदू मानता है। अगर संविधान के हिसाब से सिख और बौद्ध, हिंदू धर्म की शाखा थे तो स्ट लिस्ट में आने के लिए ज्यादातर दलित सिखों को 1956 तक और दलित बौद्धों को 1990 तक इंतजार क्यों करना पड़ा? इस्लाम और ईसाई धर्म समानता पर आधारित हैं, तो सिख और बौद्ध धर्म का आधार भी यही है। अगर मुस्लिम और ईसाई जातियां ओबीसी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ अल्पसंख्यक होने के नाते ले सकती हैं, तो सिख और बौद्ध भी ऐसा कर सकते थे, क्योंकि उन्हें भी धार्मिक अल्पसंख्यक माना जाता है।

किसके विचार- दलित मुसलमानों और दलित ईसाइयों को स्ट कैटिगरी में शामिल करने पर कुछ जाति-विरोधी लोगों के कड़े विरोध का संविधान या बाबा साहेब के विचारों से बहुत कम लेना-देना है। यह वीडी सावरकर के पुण्यभूमि/पितृभूमि के तर्क से प्रेरित है। कुछ आंबेडकरवादी गैर-भारतीय (नान इंडियन) दलितों को स्ट के रूप में मान्यता देने के खिलाफ हैं। उनका मकसद दलित समुदाय के अंदर धर्म के आधार पर दरार पैदा करना है। यह न तो न्यायसंगत है और न ही लोकतांत्रिक। (लेखक अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में सोशलॉजी के प्रफेसर हैं।

# सेहतनामा- सहजन पेड़ नहीं, डॉक्टर की फार्मेसी है

**न्यूट्रीशन साइंटिस्ट्स का मानना है कि सहजन छोटी-बड़ी 300 से ज्यादा बीमारियों में फायदेमंद है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, सोडियम, पोटेशियम जैसे ढेरों न्यूट्रिएंट्स होते हैं। सहजन में मल्टीविटामिन्स और कई एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। सहजन खाने से डायबिटीज, हाइपरटेंशन जैसी लाइफ स्टाइल बीमारियां दूर रहती है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और स्किन हेल्थ भी सुधरती है।**

## न्यूट्रीशन का खजाना, बीपी, डायबिटीज से लेकर कैंसर की ग्रोथ को रोकने में मददगार



(गौरव तिवारी)

सहजन, सेंजन, ड्रमस्टिक्स, मोरिंगा, मुनगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। नाम कोई भी हो, इसके गुण हर जगह एक जैसे हैं। सहजन मानो सिर्फ एक पेड़ नहीं, मनुष्य को दिया प्रकृति का वरदान है। कोई ऐसा दूसरा पेड़ नहीं, जिसकी जड़ से लेकर पत्ती, फल, ठंडल और यहां तक कि फूल भी इतने सारे न्यूट्रीशन से भरपूर हो। ये डॉक्टर की फार्मेसी है। इसीलिए लोग सहजन को सुपरफूड कहते हैं।

न्यूट्रीशन साइंटिस्ट्स का मानना है कि सहजन छोटी-बड़ी 300 से ज्यादा बीमारियों में फायदेमंद है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, सोडियम, पोटेशियम जैसे ढेरों न्यूट्रिएंट्स होते हैं। सहजन में मल्टीविटामिन्स और कई एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं।

सहजन खाने से डायबिटीज, हाइपरटेंशन जैसी लाइफ स्टाइल बीमारियां दूर रहती है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और स्किन हेल्थ भी सुधरती है।

इंसानों के लिए प्रकृति का वरदान है सहजन

वाराणसी के राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में असिस्टेंट प्रोफेसर और डॉक्टर अजय कुमार कहते हैं कि सहजन एक सुपरफूड है। आयुर्वेद में इस पेड़ के हर हिस्से को किसी-न-किसी बीमारी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**सहजन की न्यूट्रीशनल वैल्यू:** सहजन अपनी न्यूट्रीशनल वैल्यू के चलते ही सुपरफूड कहा जाता है। न्यूट्रीशन से भरपूर होने के साथ ही सहजन के पोषक तत्व शरीर में आसानी से एब्जॉर्व भी होते हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

* सहजन में पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये कंपाउंड्स बॉडी से फ्री रेडिकल्स को खत्म करते हैं।

* अगर शरीर में फ्री रेडिकल्स बढ़ जाएं तो ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस बढ़ सकता है, जो हार्ट डिजीज, टाइप 2 डाइबिटीज जैसी बीमारियों की वजह है।

* इसमें क्रेरसेटिन नाम का पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखता है।

* एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सहजन खाने से कैंसर का जोखिम कम होता है।

* सहजन के हेल्थ बेनिफिट्स की लंबी लिस्ट है। नीचे दिए ग्राफिक में देखिए।

बोन हेल्थ सुधरती है

सहजन तीन जरूरी मिनरल्स कैल्शियम, आयरन और फॉस्फोरस का जबरदस्त सोर्स हैं। अगर बच्चों की डाइट में सहजन को शामिल किया जाए तो उनकी ग्रोथ और डेवलपमेंट में मदद मिलती है। इसके अलावा इससे हड्डियों की डेंसिटी बढ़ती है यानी हड्डियां मोटी और मजबूत होती हैं। इससे बुढ़ापे में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो जाता है।

### इम्यून सिस्टम मजबूत होता है

सहजन विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर है। अगर इसे भोजन में शामिल किया जाए तो इम्यूनिटी मजबूत होती है। सामान्य सर्दी, जुकाम जैसे इन्फेक्शन जल्दी नहीं होते। इससे अस्थमा, कफ या किसी तरह के श्वसन संबंधी इन्फेक्शन से लड़ने में भी मदद मिलती है।

### गट हेल्थ सुधरती है

सहजन में थायमिन (विटामिन क्र 1), राइबोफ्लेविन (विटामिन बी 2), नियासिन और विटामिन बी 12 जैसे जरूरी विटामिन होते हैं, जो पाचक रस के स्राव को उत्तेजित करने में मदद करते हैं। इससे कार्ब्स, प्रोटीन और फैट को ब्रेक करके उसे डायजेस्टेबल फॉर्म में बदलने में मदद मिलती है। फाइबर से भरपूर होने के कारण यह गट माइक्रोबायोम्स के लिए अच्छा है। इसे खाने से पेट साफ रहता है।

### ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है

सहजन में बायोएक्टिव कंपाउंड्स नियाजिमिनिन और आइसोथियोसाइनेट पाए जाते हैं। इससे आर्टरीज स्वस्थ बनी रहती हैं और हाइपरटेंशन होने की आशंका कम हो जाती है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने के कारण ब्लड सर्कुलेशन अच्छा बना रहता है।

### किडनी के लिए है फायदेमंद

सहजन में भरपूर मात्रा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स किडनी से विषाक्त पदार्थों को साफ करने में मदद करते हैं। अगर भोजन में नियमित रूप से सहजन शामिल किया जाए तो किडनी और मूत्राशय की पथरी के इलाज में मदद मिलती है। सहजन के सेवन से किडनी की ओवरऑल हेल्थ भी सुधरती है।

### कैंसर का रिस्क कम हो जाता है

भोजन में नियमित रूप से सहजन को शामिल करने से भरपूर एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं। विटामिन, विटामिन ए, बीटा-कैरोटीन और नियाजिमिसिन की प्रचुर मात्रा कैंसर कोशिकाओं को पनपने से रोकती है। ये एंटीऑक्सीडेंट्स फ्री रेडिकल्स कम करके सेल्स को ऑक्सिडेटिव डैमेज से बचाते हैं।

### लिवर हेल्थ के लिए अच्छा है सहजन

लिवर हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण ऑर्गन है। यह हमारे शरीर के छोटे-बड़े 500 काम करता है। इनमें सबसे खास है शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालना। लिवर के इस काम में सहजन बेहद मददगार साबित होता है। सहजन ग्लूटाथायोन के प्रोडक्शन में मदद करता है। इसके अलावा लिवर को तमाम दवाइयों से होने वाली संभावित क्षति से भी बचाता है। यह लिवर के लिए सेफ्टी शील्ड की तरह काम करता है।

## वर्ग पहेली 5372

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | | ■ | | | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | ■ | 15 | | |
| ■ | 16 | | | 17 | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रथम हिंदी साहित्यकार (8)
7. ताकत सहित, बलवान, ताकतवर (3)
8. आपस में गुथी एवं फैली हुई चीजों का विस्तार (2)
9. निग्रह, दो की संख्या, मृत्युदेव (2)
11. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलाहट (3)
12. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
13. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने (1937 से 1989 के बीच 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया) (2)
15. युद्ध, लड़ाई, रण, संग्राम (3)
16. विशाल भूभाग में फैलाना (4)
18. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
19. नतीजा, परिणाम, सुख-दुख का भोग (2)
20. जलीय अंश, शोरबा (2)
22. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
23. कार्यालय, ऑफिस (3)

**ऊपर से नीचे**

1. सुलोचना, सुंदर नेत्रों वाली (4)
2. अनिष्ट का डर या खौफ, कष्ट (2)
3. संख्या सूचक अंक, अदद, संख्या (3)
4. गिरोह का मुखिया (4)
5. पांच उंगलियों सहित हथेली का अगला भाग (2)
6. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
10. मन के अनुसार, मन के अनुकूल (5)
13. आने-जाने का भाव या क्रिया (5)
14. शिष्टता, नम्रता, यह धर्मेंद्र के साथ हेमामालिनी की पहली फिल्म थी (4)
17. कमल, लोहे का अर्द्धचंद्राकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली नली या डंडी (2)
18. परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति, मित्र, सखा (2)
21. महाशय या श्रीमान का अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5371 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ई | ■ | ■ | गं | ध | ■ | आ |
| ह | ■ | म | ■ | ड | र | ■ | ज |
| ज | न | क | ■ | क | ना | ग | त |
| ■ | दा | स | ती | ■ | ■ | वा | क |
| ना | र | द | ■ | स | म | क्ष | ■ |
| जु | ■ | ■ | अ | त | ल | ■ | कु |
| क | ह | र | वा | ■ | मा | मू | ली |
| ता | र | ■ | म | ■ | स | ल | ■ |

## पक्षियों की परवाज में बदलाव आपदा का संकेत तो नहीं

(आनंद बनर्जी, वन्यजीव संरक्षणवादी)

भारतीय वन सर्वेक्षण ने इसी 12 मई को बताया है कि बीते एक हफ्ते में जंगल में आग लगने की 342 बड़ी घटनाएं देश भर में दर्ज की गईं, जिनमें से 209 तो अकेले उत्तराखंड की थीं। ये आग अमूमन मानवीय लापरवाही या शरारती तत्वों के कारण लगीं। ऐसी आग तब बेकाबू हो जाती है, जब सूखी भूमि का सामान्य से अधिक तापमान वाली हवा के साथ संयोग होता है। उल्लेखनीय है, मार्च से जून तक का समय पक्षियों के लिए प्रजनन का चरम वक्त होता है। ऐसे में, जंगल की आग प्रजनन वाले पक्षियों पर अभूतपूर्व असर डालती हैं। छोटे-बड़े तमाम जीवों पर इनका खासा प्रभाव पड़ता है। स्थानीय पारिस्थितिक अर्थव्यवस्था पर इसके असर की कल्पना करना काफी कठिन है।

साफ है, गरम होती दुनिया पक्षियों का जीवन भी बदल रही है। विशेषकर, भोजन और आश्रय के लिए सर्द उत्तरी अक्षांश से उष्णकटिबंधीय, यानी गरम क्षेत्रों में आने वाले प्रवासी पक्षियों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। चूंकि जीन एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती है, इसलिए साल भर भोजन उपलब्ध हो, तो पक्षियों की कुछ प्रजातियां कठिन यात्राएं शायद ही करेंगी। बेशक, पक्षियों का प्रवासन इतनी जल्दी खत्म नहीं होगा, लेकिन ऐसी रिपोर्टें हैं, जो बताती हैं कि अपने प्रजनन-काल में पक्षी अमूमन जहां जाया करते थे, अब उनमें से कई नहीं जाते। अगर आप दिल्ली के ओखला पक्षी अभयारण्य घूमने जाते रहे हों, तो आपने देखा होगा कि आर्कटिक क्षेत्र से आने वाले कई पक्षी अब तक यहां नहीं आए हैं। इस साल तो कीटों पर भी ध्यान दिया गया, जिनकी आबादी मूलतः कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग और प्रकाश प्रदूषण के कारण घट रही है। जाहिर है, प्रवासी पक्षियों और उनके भोजन-स्रोतों का आपसी समय मेल नहीं खा रहा। इससे पक्षियों की आबादी में संकुचन या विस्तार हो सकता है। आलम यह है कि तमाम प्रकार की चीजों को खाने वाली और हर वातावरण में अनुकूलन करने वाली प्रजातियां बढ़ रही हैं और खास आबोहवा में रहने वाली व खास आहार वाली प्रजातियां कम हो रही हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण बैंक मैना है, जो अब टोल प्लाजा व रेलवे स्टेशनों पर ज्यादा दिखती है, क्योंकि इसका प्राकृतिक आवास बाढ़ और विकास की भेंट चढ़ गया है। दरअसल, पक्षियों को ट्रैक करने के उपकरणों ने पक्षी विज्ञानियों को दुनिया भर में पक्षियों के प्रवासन को जानने का मौका दिया है कि किस तरह पक्षी मौसम के अनुसार उत्तर से दक्षिण जाते हैं? आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय उप-महाद्वीप सर्दियों में 600 से अधिक प्रवासी पक्षियों का घर बनता है, लेकिन इनमें से 240 प्रजातियों की आमद घटती जा रही है। हालांकि, विदेशी पक्षी बार-हेडेड हंस के मामले में लाभ की स्थिति है। बेशक, भारत की आबोहवा विदेशी पक्षियों के लिए विविध परिस्थितियां उपलब्ध कराती हैं, लेकिन इन पर विकास योजनाओं की गाज गिर रही है। चरम मौसमी घटनाओं ने ही नहीं, बढ़ते तापमान ने भी पक्षियों के आवास को खत्म किया है। ऐसे में, बैंक मैना या बार-हेडेड हंस की तरह अन्य प्रजातियां भी नए माहौल में अनुकूलन कर पाती हैं या नहीं, यह देखने वाली बात होगी!

'स्टेट ऑफ इंडियन बर्ड्स (2023) रिपोर्ट' कहती है कि पिछले आठ वर्षों में कम से कम 217 प्रजातियां या तो स्थिर हुई हैं या उनमें वृद्धि हुई है और 204 प्रजातियों में गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, खुले पारिस्थितिकी तंत्र, नदियों और तटों पर रहने वाले पक्षियों की प्रजातियां सर्वाधिक घटी हैं, लेकिन जैसे-जैसे प्रवासन का पैटर्न बदल रहा है, हमें जनसंख्या अनुमान मॉडल का या तो विस्तार करना चाहिए या इसे नया गढ़ना चाहिए।

साल 2024 के चरम मौसम को एक वैश्विक खतरा मानना होगा। हिंद महासागर भी स्थायी गरम लहरों में तब्दील हो रहा है। पूर्वी और प्रायद्वीपीय भारत में अप्रैल में काफी ज्यादा तापमान जलवायु संकट की गंभीरता ही बताता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्य में वृद्धि के योग हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कारोबार में कोई खास डील फाइनल हो सकती है। आपके लिए सम्मान में वृद्धि के योग बन रहे हैं और आपका भौतिक विकास भी अच्छा होगा। रात में किसी कारण से आपकी भागदौड़ हो सकती है। आपको सावधान रहने की जरूरत है।

### वृषभ

आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं जरूरी काम से यात्रा पर जाने के योग आपके लिए बन रहे हैं। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपका स्थान बदल सकता है। दिन के बाद के हिस्से में आपको थोड़ी सी उलझन होगी। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और मन प्रसन्न होगा।

### तुला

आज का दिन लाभ देने वाला रहेगा। आज ऑफिस के मामले में सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आज कुछ नया काम करने के बारे में सोच सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ विवाद पैदा कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको कहीं से रुका पैसा मिलने से रुके कार्य फिर से आरंभ हो जाएंगे। आपके परिवार में सुख शांति और स्थिरता बनी रहेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आपके लिए फायदेमंद होगा। काम में नई जान आएगी।

### मिथुन

आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपको सफलता प्राप्त होगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आयेंगी।

### कर्क

आज भाग्य साथ देगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### धनु

आज का दिन सावधानी और सतर्कता से काम करने का है। आपको बिजनस में अच्छा मुनाफा होगा और आपके लिए लाभपूर्ण समय है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नये कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

### मकर

आज पार्टनरशिप के मामले में आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको पुत्र और पुत्री के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें तो आपको सफलता मिलेगी। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से नुकसान हो सकता है।

### सिंह

आज का दिन काफी व्यस्त रखने वाला है। आपका धर्म और आध्यात्म के मामले में काम करने में मन लगेगा। पढ़ाई लिखाई करने के लिए भी समय निकाल पाएंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मांगलिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### कन्या

आज का दिन परेशानियों और समस्याओं वाला रहेगा। आज आपको हर कार्य में संयम और सावधानी रखने की जरूरत है। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी प्रकार के झगड़े और विवाद से दूर रहें। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### कुंभ

आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। बेहतर होगा कि आज आप अपनी सेहत पर भी ध्यान दें। वरना आपको नुकसान हो सकता है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझ कर करें। किसी विवाद में किसी से न उलझें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### मीन

आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने के लिए दिन सही नहीं है और आपको नुकसान हो सकता है। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन, कैंसर से थीं पीड़ित



**मुंबई , एजेंसी।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। अनीता गोयल के परिवार में उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता गोयल ने गुरुवार तड़के तीन बजे अंतिम सांस ली। अनीता गोयल जेट एयरवेज के ऑपरेशन्स से जुड़ी हुई थीं और वह एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थीं। नरेश गोयल, जो खुद कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मानवीय आधार पर इस महीने की शुरुआत में बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 सितंबर, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और आर्थर रोड सेंट्रल जेल (एआरसीजे) में बंद हैं। ईडी ने दावा किया था कि उन्होंने केनरा बैंक द्वारा जेट एयरवेज को दिए गए 538.62 करोड़ रुपये के ऋण की हेराफेरी की थी। इस पर जमानत याचिका में, नरेश गोयल ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत लाभ के लिए ऋण राशि का दुरुपयोग नहीं किया।

### हवन के धुएं से भड़क गई मधुमक्खियों ने किया ग्रामीणों पर हमला, 26 घायल 6 की हालत गंभीर

**जगदलपुर, एजेंसी।** गांव में चल रहे पूजा पाठ के दौरान हुए हवन के बाद ग्रामीणों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया है। यह मामला छत्तीसगढ़ के जगदलपुर का बताया जा रहा है, जहां पूजा पाठ के बाद हवन के धुएं से भड़की मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों को काटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हमले में गांव के 26 लोग घायल हो गए हैं। वहीं 6 लोग गंभीर बताए जा रहे हैं। इस घटना में सभी घायलों को उपचार के लिए जगदलपुर के महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक नगरनार थाना अंतर्गत ग्राम बिलोरी में पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां पूजा-पाठ का कार्यक्रम चल रहा था वहां पर बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते थे। जब वहां पूजा हो रही थी उस दौरान वहां पूजा की आग जलाने से उठे धुएं की वजह से छत्ते से मधुमक्खियां बाहर निकलकर ग्रामीण पर टूट पड़ी। इस दौरान मधुमक्खियों ने कई लोगों को काट लिया। मधुमक्खियों के इस हमले में कई लोगों को मामूली तौर पर भी डंक लगा है जिनका प्राथमिक उपचार गांव में ही किया गया है। मधुमक्खियों के इस हमले में वहां मौजूद जिन ग्रामीणों को बड़ी संख्या में मधुमक्खियों का डंक लगा है, उन्हें महारानी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। जहां डॉक्टर की देखभाल में उनका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल, महारानी अस्पताल में भर्ती सभी घायल ग्रामीण खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो अग्निवीर योजना को बंद कर देगी। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक अग्निवीर योजना देश के युवाओं को केवल 4 साल का रोजगार देने के बाद बेरोजगारी की ओर ले जाती है। कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले। अग्निवीर योजना सेना में भर्ती के लिए लाई गई है। गुरुवार को इस विषय पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अग्निवीर योजना जबरन लागू कर मोदी सरकार ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। करीब डेढ़ लाख ऐसे युवा हैं जिन्हें सामान्य भर्ती प्रणाली में सैन्य बलों में प्रवेश की स्वीकृति मिली थी, पर चयनित होने के बाद भी उन्हें दाखिला नहीं मिला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अग्निवीर न केवल युवा देशभक्तों को 4 साल का कार्यकाल पूरा होने पर बेरोजगारी के अंधेरे में धकेलती है, बल्कि एक अग्निवीर उन सभी प्रकार की चिकित्सा, वित्तीय सहायता, पेंशन, पूर्व सैनिक का दर्जा, बच्चों के लिए छात्रवृत्तियों का लाभ नहीं उठा सकता जो कि एक रेग्युलर चयनित सैनिक को मिलती है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए हमारी राष्टीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे प्रतिभाशाली देशभक्त युवाओं को हमारी सेना में स्थायी प्रवेश मिले।

### बसपा छोड़ दयाशंकर ने थामा सपा का दामन, टिकट कटने के बाद बदला खेमा

**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा से टिकट कटने के बाद दयाशंकर मिश्र ने पार्टी से अलविदा कह दिया। उन्होंने लखनऊ में बुधवार शाम सपा के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वे भाजपा को छोड़कर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए थे। बसपा ने उन्हें बस्ती लोकसभा सीट से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। नामांकन के अंतिम दिन बसपा राष्टीय अध्यक्ष ने बस्ती का टिकट बदलते हुए उनका टिकट काट दिया। इसके बाद उनका पर्चा खारिज हो गया। इसके बाद दयाशंकर मिश्र सपा नेताओं के संपर्क में आए और बुधवार शाम पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। सपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान बस्ती जिला अध्यक्ष एवं सदर विधायक महेंद्र यादव, सपा नेता त्र्यंबक पाठक, प्रवीण पाठक, गोपाल सिंह व अन्य नेता मौजूद रहे।

# राम के आने का क्या फल मिला? गौ हत्या बंद क्यों नहीं हुई : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**भरतपुर , एजेंसी।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में धर्मसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, राम जन्म भूमि में राम को लाने से क्या हुआ तो, कृष्ण जन्म भूमि में कृष्ण को भी लाया जाए।शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बिहारी जी मंदिर के बाहर धर्मसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि में राम आ गए ऐसा कहा जा रहा है, लेकिन उनके आने का फल क्या हुआ, ये देखना होगा। उनके आने से अच्छा फल हुआ तब तो कृष्ण जन्मभूमि में कृष्ण को भी लाया जाए और उनके आने का कोई फल नहीं मिला तो फिर कृष्ण को भी लाने का क्या फल मिलेगा। राम जन्मभूमि में राम के आने के बाद देश में गौ हत्या बंद हो जानी चाहिए।यह हम सनातनियों के माथे पर बहुत बड़ा कलंक है। इसलिए राम के आने का पहले फल मिले। देश में गौ हत्या बंद हो। जब राम के आने का फल मिल जाए तो कृष्ण को भी लाया जाए।

**नाना पटोले पर साधा निशाना :** कांग्रेस नेता नाना पटोले के राम मंदिर के शुद्धिकरण वाले बयान पर शंकराचार्य ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश पर राज किया है और 55 साल गौ हत्या की है। इसलिए राममंदिर को शुद्ध करने से पहले



कांग्रेस पार्टी को शुद्ध होना पड़ेगा। इसके लिए सारे कांग्रेसी मुंडन कराएं, पंचागव्य पिएं और गौ माता के सामने साष्टांग करें। जो खुद गौ हत्या का पापी है, वो मंदिर के शुद्धिकरण की बात करते अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राममंदिर बना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की ताकत खुद भाजपा में भी नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि गाय हम सनातनियों के लिए गुरु और भगवान से भी पहले है। इसलिए हम पहली रोटी गाय के लिए निकालते हैं। मोदी सरकार पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि कुर्सी पर बैठे हुए 10 साल हो गए, लेकिन हिंदू जैसा काम नहीं किया। गौ हत्या बंद नहीं कराई, बल्कि गाय काटते चले जा रहे हैं और बढ़ावा दे रहे हैं, या तो कह दो कि हिंदू नहीं हैं, नहीं तो गाय की हत्या बंद करा दो।

**शिक्षा से ज्यादा वोट का महत्व** शंकराचार्य ने कहा कि देश में हिंदुओं की संख्या 10 करोड़ कम हो गई है। पहले 97 करोड़ थे, अब 85-87 करोड़ रह गए हैं। हिंदू हम दो हमारे दो में आ गया है। दूसरे लोगों के यहां जनसंख्या नियंत्रण नहीं हो रहा है। देश में वोट का महत्व है, जिसके ज्यादा वोट होंगे वही सत्ता में आएगा. हिंदू इस बात को नहीं समझ रहा है। हिंदू सोचता है कि कम बच्चे ज्यादा अच्छे से पढ़-लिख लेंगे। हिंदू नहीं समझ रहा है कि वोट का महत्व है, पढ़ो लिखो या मत पढ़ो लिखो, लेकिन जिसके ज्यादा वोट होंगे उसी की सरकार होगी और वो जो चाहेगा वो करेगा। हिंदू पढ़ाने के चक्कर में अपनी सत्ता खो रहा है। अपने देश में हिंदू दूसरे नंबर का नागरिक बन चुका है। **गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना प्राथमिकता** शंकराचार्य ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता संकल्प यात्रा राजस्थान के 50 जिलों में निकलेगी। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं है, बल्कि हमारी आस्था व हमारी पहचान है। गौ माता को उसका खोया सम्मान दिलाना होगा। हमारी ऋषि परंपरा में गाय को मानव समाज में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है। गौ माता में 33 कोटी देवी-देवताओं का निवास है। आज देश भर में गौ हत्या हो रही है. हमें अपने पूर्वजों की विरासत को संभाल कर रखना चाहिए।

### बांदा में मायावती ने बोला हमला, बोलीं-अब भाजपा भी जाने वाली है

**बांदा, एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आजादी के बाद से ज्यादातर समय कांग्रेस के हाथ में सत्ता रही, जो गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा भी जाने वाली है। अतर्रा के हिन्दू मैदान में बुधवार को पार्टी प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती है। निष्पक्ष चुनाव होता है तो भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी और गारंटी काम नहीं आने वाली है। क्योंकि अब देश की जनता समझ चुकी है। भाजपा ने देश के गरीबों, कमजोर तबकों, मेहनतकश लोगों को अच्छे दिन दिखाने का प्रलोभन दिया। हवा हवाई और कागजी गारंटी दी मगर हकीकत यह है कि एक चौथाई काम भी नहीं किया। इसके स्थान पर पूंजीपतियों और धन्नासेठों को ही ज्यादा से ज्यादा धनवान बनाने, हर स्तर पर छूट देने और बचाने में लगी रही है। मायावती ने इन लोगों के आर्थिक स्रोत से ही ऐसी पार्टियां अपना संगठन चलाती हैं। चुनाव लड़ाती हैं। कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड के संबंध में खुलासा किया है। इसमें पता चला है कि कांग्रेस, बीजेपी और अन्य सभी विरोधी पार्टियों ने देश के पूंजीपतियों और धन्ना सेठों से चंदा लिया। अखबारों में खबर भी छपी है।

### बेटी ने 75 साल के पिता के लिए चुनी दुल्हनिया, गुजरात में इस शादी की खूब हो रही चर्चा

**महिसागर , एजेंसी।** गुजरात में एक शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। गुजरात के महिसागर जिले में 75 साल के एक शख्स ने 60 साल की महिला से शादी की। बताया जाता है कि खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की शादी उनकी बेटी ने ही कराई। बेटी ने पिता की शादी के लिए 60 साल की कंकुबेन परमार के साथ रिश्ता तय किया। साथ ही समाज के साथ मिलकर सामाजिक रस्म रिवाजों को भी निभाया। अपनी दूसरी शादी से साइबा भाई डामोर काफी खुश नजर आए। उन्होंने डीजे पर जमकर डांस किया।

**बेटी ने पिता के लिए चुनी 60 साल की दुल्हनिया :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गुजरात के महिसागर जिले के खानपुर तालुका के अमेठी गांव के निवासी 75 साल के सायबा भाई डामोर की बेटी ने उनकी शादी कराई। बेटी ने पिता की शादी के लिए दुल्हन के रूप में 60 साल की कंकु बेन परमार को चुना। खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की पहली पत्नी का निधन 2020 में हुआ था। कंकु बेन परमार के पूर्व पति का भी निधन हो चुका है। बताया जाता है कि बेटी ने पिता की शादी के रस्म रिवाजों को भी बखूबी निभाया।

**बेटी और दामाद ने मिलकर कराई शादी :** इस शादी से साइबा भाई डामोर काफी खुश नजर आए। उन्होंने डीजे की धुन पर जमकर डांस किया। पूरा गांव इन दो बुजुर्गों की शादी में शामिल हुआ। विधुर साइबा भाई और विधवा कंकु बेन लंबे अर्से से एकाकी जीवन गुजार रहे थे। बेटी की पहल पर दोनों ने एक-दूसरे के साथ बाकी का जीवन गुजराने का फैसला किया। साइबा भाई की एक ही बेटी थी, जिसकी शादी हो चुकी है। बेटी को बुजुर्ग पिता की फिक्र थी क्योंकि परिवार में कोई नहीं था। इस वजह से बेटी और दामाद ने मिलकर पिता की शादी कराने का फैसला किया। बताया जाता है कि साइबा भाई घर के सारे काम खुद ही करते हैं। वह अपने लिए भोजन भी पकाते हैं। बेटी से उनका दर्द देखा नहीं जाता था। इसी वजह से उसने पिता की शादी कराने का फैसला किया। शादी के बाद साइबा भाई ने कहा कि बुढ़ापे में मेरा कोई सहारा नहीं था। मुझे लाठी पकड़कर सारा काम करना पड़ता था। मैं शादी के बाद बहुत खुश हूं।

### बृजभूषण शरण मुस्लिमों से बोले- कोई कहे न कहे, हम कहते हैं, आप लोग हमारा ही खून

**कैसरगंज , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बेटे करण भूषण सिंह बीजेपी से मैदान में हैं। यहां बेटे को जिताने के लिए सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी है। बृजभूषण शरण कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर लोगों से संपर्क कर पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बीच अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में सांसद बृजभूषण शरण ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कोई कहे या न कहे, हम कहते हैं कि आप हमारा ही खून खून हैं। कोई डीएनए करा ले तो पांच पीढ़ी पहले हम एक ही निकलेंगे। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं, इसलिए बो तो पक्ष में बो नहीं तो न बो, कम से कम फायदा न करो तो नुकसान न करो। मैं आपका अहसानमंद रहूंगा। हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। हमारा आपका मिलना बढ़ेगा और भाईचारा बढ़ेगा। आपको बता दें कि भाजपा ने अबकी बार कैसरगंज से उन्हें मैदान में न उतारकर उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह पर दांव लगाया है। 26 साल बाद संसदीय चुनाव के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब चुनावी रण में बृजभूषण शरण नहीं होंगे। छात्र राजनीति में अपना दबदबा कायम करने के बाद 1991 में बृजभूषण शरण सिंह पहली बार गोण्डा से लोकसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लडे और जीत हासिल की।

# सलमान खान फायरिंग केस: हाई कोर्ट ने आरोपी की मौत पर रिपोर्ट मांगी, पुलिस कस्टडी में सुसाइड का मामला

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी से जुड़े मामले में गिरफ्तार एक आरोपी द्वारा पुलिस हिरासत में आत्महत्या करने और उसकी जांच को लेकर बुधवार को स्थिति रिपोर्ट तलब किया। न्यायमूर्ति संदीप मार्ने और न्यायमूर्ति नीला गोखले की अवकाश पीठ ने पुलिस थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीर और संबंधित पुलिस अधिकारियों के कॉल डाटा रिकॉर्ड को भी संरक्षित करने का निर्देश दिया।

पीठ आरोपी अनुज थापन की मां रीता देवी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। थापन की एक मई को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की इमारत में स्थित हवालात के शौचालय में मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया है कि थापन ने आत्महत्या की है जबकि उसकी मां ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में किसी अनहोनी और बेटे की हत्या होने की आशंका जताई।

**मां लगा चुकी पुलिस पर यातना देने का आरोप :** रीता देवी ने बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का अनुरोध किया है। याचिका में दावा किया गया कि थापन की पुलिस हिरासत में पिटाई की गई और उसे यातना दी गई। अपर लोक अभियोजक प्रजक्ता शिंदे ने बुधवार को अदालत को बताया कि कानून के तहत हत्या की मजिस्ट्रेट जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना मौत रिपोर्ट (एडीआर)



भी दाखिल कर दी गई है और मामले की जांच तीन मई को अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई।

**22 मई तक रिपोर्ट मांगी :** रीता देवी के वकील ने जांच सीबीआई को हस्तांतरित कराने का अनुरोध किया और दावा किया कि मौत के 14 दिन बीत चुके हैं। अदालत ने कहा कि वह बिना तथ्यों को देखे मामले की जांच स्थानांतरित नहीं कर सकती और दोनों जांच की स्थिति रिपोर्ट तलब की। पीठ ने कहा, '' मजिस्ट्रेट जांच और सीआईडी जांच की क्या स्थिति है? स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें। हमें पहले इन दोनों जांच की स्थिति रिपोर्ट देखने दें।'' अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 22 मई को सूचीबद्ध कर दी।

गौरतलब है कि मुंबई के बांद्रा इलाके स्थित सलमान खान के आवास के सामने 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलबारी की थी। बाद में गुजरात से गोली चलाने के आरोप में विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया गया। थापन को 26 अप्रैल को एक अन्य आरोपी के साथ पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। अबतक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# आतंकी कसाब के परिवार की रक्षा करने कांग्रेसियों को पाकिस्तान भेज देंगे- बावनकुले

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में तेज होती चुनावी सरगर्मियों के बीच महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कांग्रेस नेताओं को पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब के प्रति सहानुभूति रखने वाला बताया। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुंबई के लोग 20 मई को लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद उन्हें आतंकवादी अजमल कसाब के परिवार की रक्षा के लिए पाकिस्तान भेज देंगे। बता दें कि मुंबई में 26 नवंबर को हुए आंतकवादी हमलों के दोषी कसाब को फांसी दी गई थी।

बावनकुले ने यह बयान घाटकोपर में होर्डिंग हादसे के बाद मौके पर पहुंचने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना करने वाले कांग्रेस विजय वडेट्टीवार के जवाब में कही। वडेट्टीवार ने कहा था शिंदे के तत्काल घटना स्थल पर जाने के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले ने संवाददाताओं से कहा, ''वडेट्टीवार ने अजमल कसाब का पक्ष लिया है, इसलिए उन्हें मुंबई में प्रचार करने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव के



बाद मुंबई के लोग कसाब के परिवार की सुरक्षा के लिए कांग्रेस नेताओं को पाकिस्तान भेज देंगे। वडेट्टीवार ने कहा था- कसाब नहीं पुलिसकर्मी की गोली से मारे गए करकरे महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेट्टीवार ने दावा किया था कि मुंबई आतंकवादी हमले में अभियोजन पक्ष के वकील और मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार उज्ज्वल निकम ने यह जानकारी छिपाई थी कि करकरे को कसाब ने नहीं मारा था, बल्कि आरएसएस से संबद्ध एक पुलिसकर्मी की गोली लगने से उनकी जान गई थी। मुंबई की सभी 6 सीटों पर जीतेंगे बावनकुले ने प्रदेश में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के मुंबई की सभी छह लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने का भरोसा जताया। इन छह सीटों में से भाजपा तीन सीटों पर और उसकी सहयोगी शिवसेना बाकी तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा, ''हम मुंबई में इस चुनाव में 51 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को रोड शो के लिए मुंबई आ रहे हैं और हम सभी उत्साहित हैं।''

मुंबई उत्तर मध्य संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ द्वारा घाटकोपर में एक होर्डिंग दुर्घटना में 14 लोगों की मौत की पृष्ठभूमि में उस इलाके में रोड शो पर आपत्ति जताए जाने के बारे में पूछने पर बावनकुले ने कहा कि इस कार्यक्रम की योजना काफी पहले बनाई गई थी। उन्होंने कहा, ''हादसे को लेकर हम सभी संवेदनशील हैं। मोदी की यात्रा की योजना काफी पहले बनाई गई थी और वह लोगों का समर्थन और वोट मांगने के लिए यहां आ रहे हैं।

# मध्य प्रदेश में उपचुनाव की सुगबुगाहट

**भोपाल , एजेंसी।** मध्य प्रदेश में लोकसभा के लिए चार चरणों में मतदान हो चुका है और अभी नतीजे आने शेष हैं, मगर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो चली है। इसकी वजह भी है - कांग्रेस के तीन विधायकों ने भाजपा का दामन थामा है, वहीं पांच विधायक लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। राज्य में आगामी समय में तीन से आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना तय है। यह इसलिए संभव है क्योंकि कांग्रेस के तीन विधायक छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा से कमलेश शाह, सागर जिले के बीना विधानसभा क्षेत्र से निर्मला सप्रे और श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट से रामनिवास रावत ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इस तरह आगामी समय में इन तीनों सीटों पर उपचुनाव होना तय है। इसके अलावा भाजपा तथा कांग्रेस ने पांच विधायकों को लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं, जहां चार चरणों में मतदान हो चुका है और चुनावी नतीजे चार जून को आएंगे। पांच स्थानों पर वर्तमान विधायक चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बुधनी से विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को सतना संसदीय क्षेत्र, डिंडोरी से विधायक ओमकार सिंह मरकाम को मंडला संसदीय क्षेत्र से, पुष्पराजगढ़ से विधायक फुन्देलाल मार्को को



शहडोल से और तराना से विधायक महेश परमार को उज्जैन संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है।

इस तरह राज्य में तीन विधायकों के पाला बदलने से उपचुनाव तय है तो वहीं जो पांच विधायक लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं उनकी जीत और हार के आधार पर अन्य स्थानों पर भी उपचुनाव संभाव है। इसी संभावना ने कई दावेदारों को अभी से उपचुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए सक्रिय कर दिया है।

भाजपा और कांग्रेस के भीतर भी विधानसभा के उप चुनाव को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। संभावना इस बात की जताई जा रही है कि भाजपा उन तीन स्थानों से कांग्रेस से आए विधायकों को ही उम्मीदवार बनाएगी, तो वहीं कांग्रेस नए चेहरों पर दाव लगा सकती है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद दोनों ही दल नए सिरे से उम्मीदवार की खोज में जुट जाएंगे।

# सीएए के कारण मिली नई जिंदगी;नागरिकता मिलने पर गदगद हैं पाकिस्तान से आए भरत कुमार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर जारी वोटिंग के बीच नागरिकता संसोधन अधिनियम (सीएए) के जरिए हाल में 14 लोगों को भारत की नागरिकता मिली है। भरत कुमार भी उनमें से एक हैं। वह भारत की नागरिकता लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि 11 साल का लंबा इंतजार खत्म हुआ। नागरिकता प्रमाण पत्र सीने से लगाए भरत कुमार ने कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे भारत आने के बाद मुझे नई जिंदगी मिल गई है। मुझे नागरिकता मिल गई है, और मुझे सरकार से और क्या चाहिए।

भरत कुमार ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।




जो आज तक किसी को नहीं मिला, वो आज हमें मिल गया है। आज हमें नागरिकता मिल गई है। भरत ने बताया कि वह 11-12 साल पहले पाकिस्तान से भारत आए थे। उन्होंने कहा, मैं पिछले 11-12 साल से इस दिन का सपना देख रहा था। जब से हम पाकिस्तान से भारत आए हैं। हम तब से सोचते रहे हैं कि हमें नागरिकता कब मिलेगी। भरत ने बताया कि वह पिछले 10 साल से दिल्ली के मजनू टीला में रह रहे हैं। भरत ने कहा, मैं पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आया था। वहां के हालात के बारे में सभी जानते हैं। वहां कोई जीवन नहीं है। वहां कभी स्कूल नहीं गया। भारत आकर मैंने पढ़ाई की। भरत कुमार ने कहा कि धार्मिक उत्पीड़न के कारण उन्हें और उनके परिवार को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा। जब वह भारत आये तो उनकी उम्र 13 वर्ष थी। उन्होंने कहा, जब मैं पाकिस्तान में था तो मुझे हमेशा डर के साए में जीना पड़ता था। वहां के हालात बहुत खराब हैं।

भरत कुमार ने कहा कि उनके क्षेत्र से कुल पांच लोगों को भारतीय नागरिकता मिली। भरत ने यह भी कहा कि सरकार ने आश्वासन दिया है कि वहां रहने वाले और शरणार्थियों को जल्द ही नागरिकता दी जाएगी। वहीं भरत की आवाज में मौजूदा चुनाव में वोट न दे पाने का मलाल सुनाई दिया। हालांकि उन्होंने कहा, मैं अगले चुनाव में अपने अधिकारों का इस्तेमाल जरूर करूंगा।

इस बीच भरत के साथ-साथ शीतल दास को भी कल नागरिकता मिल गई। उन्होंने कहा कि उनका 19 सदस्यों का परिवार 2013 में पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गया था। वह भरत की तरह मजनू का टीला में रहे। शीतल ने कहा कि उनके परिवार के 3 सदस्यों को कल भारतीय नागरिकता दी गई। सिंध प्रांत से भारत आई यशोदा ने कहा कि अब मेरे पास नागरिकता है तो मैं सम्मान के साथ जी सकूंगी।



विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान

# और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस बार के आईपीएल सीजन में रॉयल चैंलेजर्स बेंगुलरु के स्टार बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी कमाल के फॉर्म में नजर आ रहे हैं।

वहीं बात करें आरसीबी की तो अभी भी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नजर आ रही हैं। इन सब के बीच विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। आरसीबी द्वारा एक पोडकास्ट में कोहली ने अपने करियर से जुड़े कई सवालों के जबाव दिए, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट संन्यास को लेकर भी बात की। इसके साथ ही कोहली के टी20 विश्व कप की टीम में चयन को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने दिया।

संन्यास को लेकर कोहली ने कहा, हर खिलाड़ी के जीवन में एक समय आता है जब उन्हें संन्यास लेने का फैसला करना पड़ता है, लेकिन मैं अभी उस समय पर नहीं हूं।

मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता जिससे मुझे बाद में पछतावा हो। इसके बारे में मुझे पूरा भरोसा है मैं ऐसा नही करुंगा। कोहली ने आगे कहा की जब मेरा यहां पर काम पूरा हो जाएगा तो मैं चला जाउंगा और कुछदिनों तक दिखाई नहीं दूंगा। कोहली ने कहा मैं जबतक खेलना जारी रखूंगा तब तक अपना बेस्ट देता रहूंगा।

### आईपीएल के बारे में भी की बात

इसके अलावा, कोहली ने आईपीएल सीजन के बारे में भी बात की और कहा कि वह अपने बल्ले से प्रदर्शन कर रहे हैं और हर मैच में अपने टीम के लिए योगदान दे रहे हैं। विराट कोहली ने इस सीजन में 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 155.16 है। इसके अलावा उन्होंने ऑरेंज कैप पर भी अपना कब्जा किया है। विराट ने इस सीजन हर मैच में अपने बल्ले से विपक्षी टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की है। वे टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं अगर उन्होंने अपनी फॉर्म को बनाए रखा।

आईपीएल 2024

# पोंटिंग को बड़ा भाई मानते हैं इशांत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अंतिम लीग मैच के बाद, जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 19 रनों से जीत हासिल की, भारत के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने डीसी के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग के साथ विशेष बंधन का खुलासा किया। इशांत मंगलवार की रात दिल्ली के लिए स्टार थे, जहां एक हार उनकी टीम के लिए प्लेऑफ की सभी उम्मीदें खत्म कर देती। इशांत को चार ओवरों में (3/34) की गेंदबाजी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिसमें क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल और दीपक हुडा के तीन महत्वपूर्ण विकेट शामिल थे। इशांत ने आईपीएल द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि पोंटिंग अब कोच और खिलाड़ी नहीं हैं, वह मेरे लिए एक तरह से बड़े भाई की तरह हैं। जब भी मुझे उनकी जरूरत होती है तो वह हमेशा मौजूद रहते हैं, मैं उन्हें कभी भी फोन कर सकता हूं। मुझे लगता है कि कोच के रूप में उनका होना बहुत अच्छी बात है। अगर आपके पास कोई ऐसा है वह वास्तव में आपको नई चीजों को आजमाते रहने के लिए प्रेरित करता है और अगर आप अच्छा नहीं करते हैं तो डरो मत। 14 अंकों के साथ, दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में अपने भाग्य का फैसला करने के लिए शेष मैचों के परिणाम का इंतजार कर रही है।

# भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। 39 वर्षीय स्ट्राइकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया।

लगभग 10 मिनट के इस वीडियो में सुनील छेत्री ने अपने सफर को याद किया। सुनील छेत्री ने कहा, मैं उस फीलिंग को बयां नहीं कर सकता हूं, जब मैंने देश के लिए अपना डेब्यू मैच खेला था। जब टीम की जर्सी पहनी, तो वो एक अलग ही फीलिंग थी। डेब्यू वाले दिन को मैं कभी भी नहीं भूल सकता। अपने पिछले 19 वर्षों के सफर को याद करना शानदार था। यह मेरे कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने सारे मैच खेलूंगा। मैंने अपने माता-पिता और पत्नी को सबसे पहले इस फैसले के बारे में बताया। मेरे पिता खुश थे लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि आप मुझे हमेशा कहते थे कि मुझे खेलते हुए देखकर आप बहुत दबाव महसूस करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

इस स्टार स्ट्राइकर ने 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। वह 2008 में एएफसी चैलेंज कप, 2011 और 2015 में सैफ चैंपियनशिप... 2007, 2009 और 2012 में नेहरू कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों का हिस्सा रहे हैं। साथ ही 2017 और 2018 में इंटरकांटिनेंटल कप में वो भारतीय टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, छेत्री 150 मैचों में 94 के साथ सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल की सूची में अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी (180 मैचों में 106) और पुर्तगाल के महान क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205 मैचों में 128) के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

Shooting

## महिलाओं में अंजुम तीसरे ओलंपिक क्वालिफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर



**भोपाल, एजेंसी।** पुरुषों के थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे। अखिल श्योराण तीसरे, चैन सिंह चौथे और नीरज कुमार पांचवें स्थान पर रहे। अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी-3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया।

नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था । वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल बृहस्पतिवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रहीं। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने ओलंपिक के लिए शूटरों के चयन के एसोसिएशन की नीति पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को पारित एक आदेश में पेरिस में होने वाले 2024 ओलंपिक खेलों के लिए टीम चयन की भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन (एनआरएआई) की नीति को सही ठहराया। एक शूटर ने अदालत में याचिका दायर कर ओलंपिक चयन के ट्रायल में उसे शामिल नहीं करने को चुनौती दी थी। अदालत ने एनआरएआई के चयन मापदंड/नीति को सही ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, ÷ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए हमारी चयन नीति को निष्पक्ष, तार्किक और पारदर्शी ठहराया गया है। सभी एथलीटों को निष्पक्ष मौका दिया गया है। नीति शूटरों के क्वालीफाई करने के लिए ज्यादा समावेशी है। भारतीय शूटरों ने देश के लिए रिकॉर्ड 21 कोटा हासिल किए हैं। इस साल 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में एक देश को शूटिंग में अधिकतम 24 कोटा की सीमा है। राइफल और पिस्टल प्रतिस्पर्द्धाओं में भारत ने अधिकतम आठ-आठ कोटा हासिल कर लिया है। शॉटगन में भारत को पांच कोटा मिले हैं। भारत ने शूटिंग में अब तक एक स्वर्ण सहित चार ओलंपिक मेडल जीते हैं। इस बार इस सूची में और मेडल जुड़ने की उम्मीद है।



# विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और डब्ल्यूएफआई से लगाई ये गुहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के लिए केवल तीन महीने बचे हैं ऐसे में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से ट्रायल का स्थान और प्रारूप, इसका समय, तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया है। महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध प्रदर्शन में अहम रहीं विनेश ने पिछले महीने बिश्केक में 50 किग्रा ओलंपिक कोटा जीता था, लेकिन नियमों के अनुसार अंतिम टीम की घोषणा से पहले उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा। अब तक पांच भारतीय महिलाओं ने पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया है और केवल एक पुरुष पहलवान अमन सहरावत को ही वैश्विक प्रतियोगिता का टिकट मिला है। विनेश ने एक्स पर लिखा, ''पेरिस ओलंपिक में केवल तीन महीने रह गये हैं, इसके बावजूद भारतीय कुश्ती महासंघ ने अभी तक आधिकारिक ट्रायल की तारीख, समय और स्थान सहित प्रारूप की घोषणा नहीं की है।'' उन्होंने कहा, ''यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी महासंघों ने दिसंबर 2023 में या जनवरी 2024 में क्वालीफिकेशन और स्पष्ट प्रारूप की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा, ''मैं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, आईओए, भारतीय कुश्ती महासंघ से अनुरोध करती हूं कि वे इस मामले को प्राथमिकता दें और तुरंत आधिकारिक तौर पर ट्रायल की तारीख, समय, स्थान और सटीक प्रारूप की घोषणा करें।

पेरिस ओलंपिक

# कुश्ती महासंघ ओलंपिक ट्रायल के पक्ष में नहीं, कोटा हासिल करने वाले पहलवानों ने किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महासंघ ने ओलंपिक की तैयारियों के लिए कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान अमन (57) और पांच महिला पहलवानों विनेश (50), अंतिम पंघाल (53), अंशु मलिक (57), निशा (68) और रीतिका (76) को अगले माह हंगरी में होने वाले रैंकिंग टूर्नामेंट में भेजने का फैसला लिया है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले पहलवानों की मांग के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ अब ओलंपिक के ट्रायल कराने के पक्ष में नहीं है। ओलंपिक के लिए काफी कम समय को ध्यान में रखते हुए ट्रायल को टालने का मन बनाया गया है, कुश्ती महासंघ जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा करेगा।

वजन कम करने से पड़ेगा तैयारी पर असर



महासंघ की चयन नीति के अनुसार ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पहलवानों को पेरिस जाने के लिए ट्रायल से गुजरना होगा। ट्रायल के विजेता पहलवानों को ही पेरिस भेजा जाना था, लेकिन ट्रायल के लिए अब ज्यादा समय नहीं बचा है। महासंघ के एक पदाधिकारी के अनुसार पहले उन्हें ट्रायल कराना था, लेकिन ट्रायल कराने का यह सही समय नहीं है। हमारे वैसे ही काफी कम पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किए हैं। अगर ट्रायल कराया जाता है तो पहलवानों को वजन कम करना पड़ेगा, जिसका तैयारियों पर विपरीत असर पड़ेगा। ट्रायल के बजाय पहलवानों की विदेश में तैयारियां ठीक रहेंगी।

### पहलवान बोले वजन कम करें या तैयारी करें

विश्व क्वालिफायर में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पहलवान अमन का कहना है कि वह इस वक्त ओलंपिक की तैयारियां करें या फिर ट्रायल के लिए वजन कम करें। वह कई बार अपना वजन कम कर चुके हैं अब ट्रायल के लिए वजन कम करना उन्हें नुकसान पहुंचाएगा।

ट्रायल कराने से ओलंपिक की तैयारियों पर फर्क पड़ेगा। एक महिला पहलवान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि जिन्होंने कोटा हासिल किया है उन्हीं को ओलंपिक में भेजा जाना चाहिए।



स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद

# खुश नहीं हैं नीरज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता लेकिन उस तरह से नहीं जैसा वह चाहते थे और उन्हें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक भी नहीं थी। तीन साल में पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट ने बुधवार को फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता लेकिन उस तरह से नहीं जैसा वह चाहते थे और उन्हें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक भी नहीं थी। तीन साल में पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट ने बुधवार को फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन पर कहा, ÷मुझे लगा कि मैं यहां प्रतिस्पर्धा कर सकता हूं और यह अच्छी रही। हालांकि थ्रो के बारे में बात नहीं करते, यह वैसा नहीं था जैसा मैं चाहता था। दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पहुंचे 26 वर्षीय सुपरस्टार तीन दौर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने आगे कहा, प्रतियोगिता काफी अच्छी थी और मौसम भी गर्म था। शुरू से ही मैं सोच रहा था कि अगर मुझे अच्छा लगेगा तो मैं उसी के अनुसार प्रयास करूंगा। मैं दोहा में खेलने के बाद यहां आया था और उबरने के लिए ज्यादा समय नहीं था और यात्रा भी करनी थी। और मैं इतना अच्छा भी महसूस नहीं हो रहा था।

चोपड़ा ने कहा, मैंने इसके अनुसार ही अपने प्रयास किये और केवल चार थ्रो ही किये क्योंकि मुझे चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में 28 मई को प्रतिस्पर्धा करनी है।

# एआईएफएफ विकास समिति ने आयोजित की वर्चुअल बैठक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ(एआईएफएफ) की विकास समिति ने बुधवार को एक वर्चुअल बैठक की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के सदस्य अविजीत पॉल ने की।

र्यक्रम में एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव, एम सत्यनारायण के साथ-साथ क्लिफ नोंग्रम, ताकुम किपा और डॉ. सोनम टी. एथेनपा भी उपस्थित थे, ताकि एआईएफएफ द्वारा प्रदान किए गए 2024/25 वित्तीय वर्ष में धन के उपयोग के लिए दिशानिर्देश तय किए जा सकें। पॉल ने कहा कि यह एआईएफएफ में 2024-25 वित्तीय वर्ष की पहली विकास समिति की बैठक है। जब से विकास समिति का गठन हुआ है, तब से राज्य और एआईएफएफ देश भर में खेल के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एआईएफएफ की मदद से राज्य पूरे साल खेल की गतिविधियों को बढ़ाने में सफल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार भी हम इसी तरह आगे बढ़ते रहेंगे।

बैठक में समिति ने इस तथ्य को संबोधित किया कि प्रत्येक राज्य को अगले वर्ष के लिए कम से कम चार टूर्नामेंटों की मेजबानी करनी होगी, जिसमें से प्रत्येक को जूनियर लड़कों और लड़कियों के लिए आयोजित किया जाएगा ताकि दी जा रही धनराशि का उचित उपयोग किया जा सके। कार्यवाहक महासचिव ने कहा कि एआईएफएफ ने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि सभी आयोजनों के लिए प्रतिस्पर्धा प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) का उपयोग अनिवार्य है।

यह भी कहा गया है कि विकासात्मक निधि के सुचारु उपयोग के लिए नियमों का एक नया सेट बनाया जाना चाहिए और अनुमोदन के लिए कार्यकारी समिति को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। राज्य भारतीय फुटबॉल की रीढ़ हैं। राज्यों को एआईएफएफ से आवश्यक समर्थन प्रदान करने की नीति ने खेल को आगे बढ़ाने में काफी प्रभाव डाला है।

# कलेक्टर ने की आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में कार्यों के प्रगति की समीक्षा

## समयबद्ध तरीके से अपेक्षित कार्यवाही के संबंध में दिए निर्देश




**पन्ना।** आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में निर्धारित विभागीय सूचकांकों के आधार पर समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयास कर अपेक्षित प्रगति के संबंध में समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके लिए विभागों के जिलाधिकारी मैदानी अमले के साथ निर्धारित कार्ययोजना पर समन्वय के साथ कार्य कर समयबद्ध तरीके से अपेक्षित कार्यवाही करें। विभागीय गतिविधियों व आवश्यक प्रशिक्षण के लिए भी समुचित कार्यवाही करें। कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, डिप्टी कलेक्टर आलोक मार्को एवं समीक्षा जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड योजना की 7 जनवरी 2023 को शुरूआत के साथ ही इसमें पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड को शामिल किया गया है। विभिन्न विकास मानकों पर पिछड़े क्षेत्रों के प्रदर्शन में सुधार इसका उद्देश्य है। इसलिए कार्ययोजना अनुसार कार्य कर रैंकिंग में सुधार का हरसंभव प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि पांच विभागों के 39 संकेतकों के आधार पर लक्ष्य के विरूद्ध नियत समयावधि में अपेक्षित प्रगति लाएं। इस दौरान विभागवार गतिविधियों की समीक्षा के दौरान इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों और कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जाए। कुपोषण में कमी के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास द्वारा सार्थक प्रयास की आवश्यकता है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हित बच्चों के उपचार के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों, साथ ही वजन व स्वास्थ्य जांच के लिए एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया जाए।

जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों पर बीपी और शुगर की नियमित रूप से जांच और किसी भी समस्या पर अवगत कराने के निर्देश दिए। टी.बी. बीमारी की जांच और इलाज के लिए भी समुचित कार्यवाही के लिए कहा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में टेक होम राशन व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और शौचालय एवं पानी इत्यादि की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया। समय पर वास्तविक डाटा एंट्री के निर्देश भी दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा कर शालावार पंजीयन, ड्रापआउट के कारणों व पलायन इत्यादि की जानकारी लेकर शिक्षक-छात्र अनुपात में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुविधा के लिए शेड्यूल तैयार कर शिक्षकों के प्रशिक्षण की बात कही। शालाओं में शौचालय संबंधी अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान एफपीओ के गठन, पीएम किसान हितग्राहियों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड इत्यादि की जानकारी लेकर नवीन भर्ती कर्मचारियों एवं तकनीकी ज्ञान रखने वाले विशेषज्ञ अधिकारियों से विभिन्न मशीनों के संचालन के निर्देश दिए। इसी तरह पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक से पशुओं के टीकाकरण व विभागीय योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। अटल भू-जल योजना के संचालन संबंधी गतिविधियों के बारे में भी पूछा। अजयगढ़ विकासखण्ड में मझगायं बांध अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा क्रियान्वित समूह नल जल योजना व नेटवर्क डिस्ट्रीब्यूशन के बारे में जानकारी लेकर तात्कालिक रूप से ग्रामों के समूहवार पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ओडीएफ प्लस, दूरसंचार विभाग की भारत नेट परियोजना, पूर्व समन्वय कर नवीन कार्य शुरू करने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, वित्तीय समावेशन व जागरूकता सहित डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए व्यवहारिक प्रयास एवं स्वसहायता समूहों के गठन इत्यादि की जानकारी प्राप्त कर प्रत्येक स्तर पर टीम वर्क के रूप में कार्य करने तथा लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय द्वारा चलाया गया स्वच्छता कार्यक्रम



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना के शिक्षक व छात्र छात्राओं द्वारा नगर पालिका पन्ना के वार्ड नंबर 28 टगरा मोहल्ला में स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए सफाई अभियान शुरू किया गया व समिति के सदस्यों, व महाविद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जानकारी दी गई एवं समिति, व महाविद्यालय के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है की प्रत्येक माह के एक दिन किसी न किसी गांव या क्षेत्र में स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रम नियमित रुप से संचालित किया जायेगा तथा स्वच्छ गांव, स्वच्छ भारत दिवस के रुप में यह कार्यक्रम चलता रहेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार, नीलेश कुमार, देवेंद्र सिंह सौरभ अग्रवाल, बादल बढ़ोलिया, अशीष सोनी, स्वाती सिंह, रूपेंद्र पटेल, लालता प्रसाद, ताराचंद्र आदि स्टाफ एवं छात्रगण उपस्थिति रहे।

## जिला पंचायत मे मचा हंगामा, प्रेमी प्रेमिका के परिजनो के बीच जमकर मारपीट



**पन्ना।** जिला पंचायत कार्यालय परिषर मे उस वक्त हंगामा मच गया जब दो पक्षो मे जमकर मारपीट होने लगी। बताया जाता है कि एक प्रेमी जोडा जिला पंचायत के परिषर मे पेड के नीचे बैठा हुआ था तथा बाहर कही जाने की योजना बना रहा था। जिसकी जानकारी लडकी तथा लडका पक्ष के लोगो को लग गई और दोनो पक्ष जिला पंचायत परिषर पंहुच गये। इस दौरान दोनो पक्षो के बीच जमकर हाथ पांव चलने लगे तथा एक दूसरे की पिटाई करने लगे। जिला पंचायत परिषर मे उपस्थित कर्मचारीयो तथा अन्य लोगो ने बीच बचाव किया तथा कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस के पंहुचने पर मामला शांत हुआ तथा पुलिस ने दोनो पक्षो को समझाते हुए अपने अपने घर जाने की चेतवानी दी। बताया जाता है कि लडका नामदेव समाज का है तथा लडकी सेन समाज की है। जिसके कारण एक दूसरे को स्वीकार करने मे परिवारजन परेशान हो रहे है। आंगे देखना है मामला कैसे सुलझता है।

## दो दिवसीय रामाश्रम सत्संग का किया जा रहा आयोजन

**पन्ना।** रामाश्रम सत्संग केन्द्र मथुरा द्वारा पन्ना जिला मुख्यालय में दो दिवसीय अध्यात्मिक सत्संग का आयोजन स्थानीय कृष्णम पैलेस अजयगढ रोड मे 20 एवं 21 मई को सुबह 08:30 बजे से 10:30 बजे तक तथा शायंकाल 07:30 बजे से 09:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त सत्संग के द्वारा आध्यात्मिक साधाना तथा अन्य प्रकार के समाजिक कार्यक्रमो के संबंध में विस्तार से बताया जायेगा। आयोजको द्वारा सभी से उपस्थित हो कर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 29 मई को, कार्यक्रम जारी

**पन्ना।** जिला अभिभाषक संघ पन्ना के पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष, सहसचिव, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव वर्ष 2024-26 के कार्यक्रम की सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई है। अभिभाषक संघ के जिला निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम गर्ग द्वारा जारी की गई चुनाव की अधिसूचना में बताया गया है कि 16 मई से नाम निर्देशन फार्म भरने एवं जमा करने की कार्यवाही शुरू होकर 18 मई तक चलेगी। नामांकन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। 20 मई 2024 समय दोपहर 2 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा व आपत्तियों के निराकरण की कार्यवाही अंतिम तक सम्पन्न होगी। अभ्यर्थी 21 मई एवं 22 मई कोसुबह 11 .30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों को वापस ले सकेंगे। जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए 29 मई को सुबह 10 .30 बजे से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के तत्काल बाद मतगणना का कार्य दिनांक 29 मई को होगा व चुनाव परिणाम की घोषणा निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जायेगी।

# ग्राम पंचायत जनवार मे व्यापक भ्रष्टाचार

## सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा लगातार किया जा रहा फर्जीवाड़ा



**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जनवार विगत कई वर्षो से भ्रष्टाचार के मामले मे लगातार सुर्खियों मे है। उक्त ग्राम पंचायत मे बिना कार्य कराये तथा घटिया निर्माण कराये मटेरियल तथा मजदूरी के फर्जी बिल लगाकर भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे है। लेकिन उसके बावजूद जिम्मेवारो द्वारा कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचारीयो के होसले बुलंद है। वर्तमान समय मे ग्राम पंचायत क्षेत्र मे जंगल के पत्थरो से खकरी का निर्माण करा दिया गया तथा फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित कर ली गई। पन्द्रह लाख खकरी निर्माण मे महज दो तीन लाख की ही राशि खर्च हुई होगी। सचिव सूर्य प्रताप सिंह यादव तथा सरपंच राम खिलावन चौधरी के द्वारा मिलकर लगातार फर्जीवाडा किया जा रहा है। इसी प्रकार नाला मे चेक डेम निर्माण के नाम पर भी व्याप्क स्तर पर फर्जीवाडा किया गया है। अम्रत सरोवर के नाम पर भी राशि आहरित की गई है। वृक्षा रोपण के लिए गड्ढे खोद दिये गये हैं। उक्त गड्ढो मे वृक्षा रोपण नही हुआ है। लेकिन राशि आहरित की जा चुकी है। चर्चित सचिव सूर्य प्रताप यादव पूर्व मे मनकी मे पदस्थ रहे जहां पर भी उनके द्वारा अपने पिता के नाम के मटेरियल के बिल लगाकर लाखो की राशि आहरित की गई थी। इसी प्रकार का फर्जीवाडा उनके द्वारा जनवार मे भी किया जा रहा है। जनवार ग्राम पंचायत पन्ना जिला मुख्यालय की सबसे नजदीकी ग्राम पंचायत है। उसके बावजूद जिला तथा जनपद पंचायत के जिम्मेवार अधिकारीयो द्वारा कभी भी निरीक्षण नही किया जाता और न ही संबंधितो के खिलाफ कोई कार्यवाही की जाती है। भ्रष्टाचार का खेल लगातार चल रहा है। जहां एक ओर काम के आभाव मे जिले से प्रतिदिन हजारो गरीब पलायन कर रहें है। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतो मे सरपंच, सचिवो द्वारा फर्जी बिल बाउचर लगाकर मजदूरो के नाम पर राशि आहरित की जाती है। मनरेगा का कार्य केवल कागजो मे चल रहा है। आम गरीबो को उक्त योजना से कोई फायदा नही है। सिर्फ अधिकारीयो तथा पंचायत के प्रतिनिधियों के कमाई का जरिया उक्त योजना बनी हुई है।

## किराना दुकान मे पुलिस ने भारी मात्रा में की अवैध शराब बरामद

**पन्ना।** अवैध शराब का कारोबार जिले में फल-फूल रहा है। आबकारी शराब ठेकों की शराब अवैध रूप से जगह-जगह बिक रही है। किराना दुकानों में किराने के समान के अलावा शराब रखकर अवैध रूप से शराब बेंचे जाने के कई मामले सामने आ रहे हैं। शाहनगर थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम लमतरा के बीजाखेड़ा मोड़ में संचालित एक किराना दुकान में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की सूचना पर छापामार कार्यवाही करते हुए अंग्रेजी शराब के 315 क्वार्टर जप्त किए जाने की कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी सोनू यादव पिता भरत यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लमतरा के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर पवई न्यायालय में पेश किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो दर्जन से अधिक बकरियों की मौत, आधा दर्जन घायल



**पन्ना।** प्रचंड गर्मी के बीच मौसम में आए अप्रत्याशित बदलाव से देश में अनेक स्थानों पर बीते दो दिन से आंधी-तूफान, तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के कारण प्राकृतिक आपदाओं में जन-धन की हानि होने की खबरें लगातार आ रही हैं। पन्ना जिले मे भी अनेक स्थानो पर तेज वारिष तथा तूफान आया जिसमें अनेक पेंड पौधे भी उखड गयें है। लोगो के घरो के टीन टप्पड उडकर दूर जा गिरे इसी कडी में कोतवाली थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुटवाकला के ग्राम बसई के जंगल मे आकाशीय बिजली गिरने से सत्ताईस बकरियों की मौत हो गई तथा आधा दर्जन बकरिया बुरी तरह घायल हो गई है। बकरी मालिक रामेश्वर पाल पिता हीरा लाल पाल ने बताया कि वह जंगल मे चार बजे के लगभग बकरियां चरा रहा था उसी दौरान बूंदा बांदी के बीच आकाशीय बिजली गिरी जिससे यह घटना घटित हुई है। बकरी पालक ने बताया कि मेरा लगभग तीन से चार लाख का नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन से मुआवजा राशि दिलाये जाने की मांग की है।

## डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**पन्ना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया विगत 13 मई से एमपी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

## मोटर साइकिल सें ले जा रहे थे अवैध शराब, सड़क दुर्घटना मे हुए घायल

### सड़क पर बिखरी अवैध शराब

**पन्ना।** देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र मे व्याप्क स्तर पर अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। स्थानीय ठेकेदार द्वारा अपने लोगो के माध्यम से गांव गांव मोटर साईकिलो मे शराब की पेटी भेजी जाती है तथा उन्हे गांव मे विक्रय किया जाता है। जहां एक ओर गांव गांव मे युवा पीढि नशा के आदि हो रहे है, वहीं दूसरी ओर आये दिन लोगो के बीच मे विवाद हो रहे है। लेकिन पुलिस आबकारी विभाग तथा ठेकेदार को सिर्फ अपने फायदा से मतलब है। बीती रात्रि लगभग 8 बजे के आसपास देवेंद्र नगर के सतना रोड अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास दो बाईकों में आपस में टक्कर हो जाने से एक बाइक में अवैध शराब ले रहे युवक बुरी तरह से घायल हो गयें लेकिन उसके बावजूद वह शराब की पेटियां छोडकर भागने लगें। लोगो ने देखा की सडक पर शराब की बोतले फैल गई है तो उक्त बोतलो को शराब पीने वाले बाटोरने लगें। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस थाना देवेन्द्र नगर को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पंहुची तथा पुलिस ने उक्त अवैध शराब तथा मोटर साईकिल जप्त की है।

## जिला प्रबंधक नान का प्रभार देवेन्द्र खोबरिया को सौपा



**पन्ना।** जिला प्रबंधक नान के पद पर पदस्थ रहीं रिंकी साहू को लगातार हो रही शिकायतो को लेकर सचिव नागरिक आपुर्ती विभाग तथा जिला कलेक्टर द्वारा प्रभार पद से हटा दिया है तथा उनके स्थान पर जिला आपुर्ती अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। ज्ञात हो कि रिंकी साहू की लगातार शिकायते हो रही थी तथा जिले के उपार्जन केन्द्र भी मनमाने ढंग से संचालित हो रहे थें। जिससे यह निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है। प्रभार रहते ही श्री खोबरिया ने कहा की हमारा उद्देश्य खरीदी केन्द्रो की व्यवस्थाओ को दुरस्थ करना तथा किसानो को समय पर राशि दिलाना प्राथमिकता होगी।

## रेलवे परिसर में सिर कुचलकर निगरानी बदमाश की हत्या



**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना रेलवे स्टेशन में माल गोदाम के पास 2 बदमाशों ने पत्थर से सिर कुचलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया, जिससे शहर में सनसनी फैल गई है। मृतक कुछ दिन पहले ही हत्या के प्रकरण में छूटकर जेल से बाहर आया था। पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को लगभग साढ़े 7 बजे आदतन बदमाश सोनू उर्फ नारायण पुत्र बृजवासी शुक्ला 36 वर्ष, निवासी सीधी, नशे में धुत होकर माल गोदाम के सामने स्थित फुट ओवर ब्रिज के नीचे सो रहा था, तभी आरोपी राहुल और राजा ने पेवर्स ब्लाक से हमला कर दिया। दोनों हमलावरों ने ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे युवक का जबड़ा टूट गया और सिर फट गया। इस घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। तब दोनों आरोपी रेलवे परिसर से भाग निकले, मगर उनकी करतूत भिक्षा मांगने वाली एक महिला की नजर में आ गई, जिसने तुरंत जीआरपी को खबर दी तो पुलिसकर्मी फौरन हरकत में आ गए। जगह-जगह तलाश करने के पश्चात आरोपियों को रेलवे यार्ड से दबोच लिया गया। वहीं मृतक का शव कब्जे में लेते हुए जिला चिकित्सालय की मरचुरी भेज दिया गया। साक्ष्य संकलन के लिए जिला पुलिस के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ महेंद्र सिंह के फॉरेंसिक शाखा के आरक्षक मुकेश यादव को भी मौके पर बुलाया गया था।

### रिक्शा चालक के कत्ल का आरोपी था मृतक

जीआरपी के मुताबिक सोनू उर्फ नारायण शुक्ला के खिलाफ जीआरपी में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। वर्ष 2014 में बदमाश ने दामोदर चौधरी नामक एक बुजुर्ग रिक्शा चालक की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिया था, जिसमें उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। लंबे समय तक सलाखों के पीछे रहने के बाद आरोपी कुछ समय पूर्व जमानत पर बाहर आया था, मगर हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। पुलिस की टीम ने पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की तो पता चला कि सोनू उर्फ नारायण के साथ लेनदेन को लेकर उनका विवाद चल रहा था। मृतक और आरोपी बुधवार दोपहर को रिटायरिंग रूम में भी भिड़ गए थे, तब लोगों की मौजूदगी के कारण बात आगे नहीं बढ़ी, लेकिन रात में मौका मिलते ही आरोपियों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बताया गया है कि मृतक सुबह से ही नशे में धुत होकर स्टेशन परिसर में काफी देर तक इधर-उधर भटकने के पश्चात हनुमान मंदिर के सामने बीच सडक् पर सो गया था। तब कुछ लोगों ने उसे उठाकर किनारे लिटा दिया था।

## केन्द्र सरकार के प्रस्ताव के विरोध में जिला औषधी विक्रेता संघ ने सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्ताव पास करते हुए ओवर द काउन्टर मेडिसन सेल को लेकर एक प्रस्ताव पास किया है। जिसमें ओटीसी प्रोडक्ट किराना, जनरल स्टोर सहित अन्य दुकानो मे बिना लाईसेन्स की छूट दी गई है। जिसको लेकर पूरे देश में औषधी विक्रेता संघ ने उक्त प्रस्ताव के विरोध में जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा हैं तथा प्रस्ताव के संबध में पुर्नविचार करने का अनुरोध किया गया है। संघ के द्वारा दिये गये ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि केन्द्र सरकार द्वारा उक्त प्रस्ताव वापिस नही लिया गया तो आन्दोलन भी किया जायेगा। ज्ञापन देने वालो मे जिला औषधी विक्रेता संघ के अध्यक्ष श्रीकांत दीक्षित, सतीश पाठक, संतोष पुहानी, पवन पाठक, अभीषेक चौरसिया, राजू सक्सेना, आलोक जैन, संजय बडेरिया सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहें।

# खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं पर बोरवेल मालिक होंगे जिम्मेदार

## नलकूप खनन एजेंसी को पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**पन्ना**

शासन द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल एवं ट्यूबवेल से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नवीन गाइडलाइन जारी की गई है, जिसके तहत अब किसी दुर्घटना पर बोरवेल मालिक जिम्मेदार होंगे। छोटे बच्चों के बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से नलकूप खनन एजेंसी एवं बोर मालिकों को उत्तरदायी बनाते हुए गाइडलाइन जारी की गई है।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना महेन्द्र सिंह ने बताया कि पूर्व से खुले पड़े नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को मिट्टी, रेत, मुरम इत्यादि से जमीन की सतह तक भरने की जवाबदारी संबंधित बोरवेल मालिक की होगी, जिसकी भूमि पर नलकूप है। इसी तरह नवीन खनित खुले पड़े नलकूप एवं बोरवेल को भरने की जवाबदारी संबंधित नलकूप खनन एजेंसी की तय की गई है। बताया गया है कि जिन नलकूपों में जल क्षमता प्राप्त न होने, कम प्राप्त होने या जिन नलकूपों में केसिंग नहीं डाली जाती है, उनको भी जमीन सतह तक भरने की कार्यवाही संबंधित नलकूप खनन एजेंसी को करनी होगी। किसी संस्था या विभाग द्वारा नलकूप खनन के बाद असुरक्षित स्थिति में छोड़ने की स्थिति में प्रथम उल्लंघन पर 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। साथ ही खुले नलकूपों के भरने में लगने वाली सामग्री के वास्तविक व्यय की पूर्ति संबंधित खनन एजेंसी से की जाएगी और पुन: उल्लंघन पर सामग्री व्यय की पूर्ति के साथ ही 25 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया जाएगा।

सभी शासकीय व निजी मशीनों का पंजीयन म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा विकसित पोर्टल पर कराना भी अनिवार्य किया गया है। नलकूप खनन करने वाली एजेंसी को नलकूप खनन के बाद विकसित पोर्टल पर लोकेशन व एजेंसी का नाम भी दर्ज करना होगा। नलकूप में केसिंग डाले जाने पर नलकूप में कैप लगाकर नट बोल्ट से केसिंग में फिक्स कर 0.5 गुणा 0.5 गुणा 0.6 मीटर के साइज का सीमेंट-कांक्रीट ब्लॉक बनाना भी जरूरी है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर  सीधी, शुक्रवार 17 मई 2024  8


डेंगू बीमारी की रोकथाम एवं बचाव हेतु सामुदायिक सहभागिता बढाने एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से जिले के समस्त विकासखण्डों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। रीवा शहर के एकता नगर, वार्ड कमांक 25 में जन जागरूकता अभियान चलाया गया।



# सही कार्ययोजना बनाकर खेती का विकास करें : कृषि उत्पादन आयुक्त

## खेती के विकास की कलेक्टर नियमित मॉनीटरिंग करें : मिश्रा




रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कृषि विकास की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एसएन मिश्रा ने कहा कि रीवा संभाग में पिछले 10 वर्षों में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है। संभाग की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार खेती है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होता है। कलेक्टर खेती के विकास के लिए लागू योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग करें। सही कार्ययोजना बनाकर खेती का विकास करें। खेती के विकास से ही इस पूरे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। कृषि विकास के कम से कम एक घटक को लक्ष्य बनाकर उसमें प्रदेश स्तरीय सफलता प्राप्त करने का प्रयास करें।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि जिले की प्रमुख कृषि उपज मण्डी को आधुनिक बनाकर ई मण्डी की सुविधा किसानों को दें। संभाग में जिला और विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी परीक्षण की सभी प्रयोगशालाओं को सक्रिय करें। मिट्टी में मुख्य रूप से जिंक, सल्फर जैसे पोषक तत्वों की कमी है। इनका उपयोग बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। किसान माइक्रो न्यूट्रियंस पर थोड़ी सी राशि खर्च करके अधिक गुणवत्तापूर्ण तथा अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकेगा। कृषि वैज्ञानिक संभाग की मिट्टी, पानी और तापमान के अनुकूल फसलों तथा फसल तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाएं। खेती का ज्ञान किसानों तक पहुंचकर ही सार्थक बनेगा। संभाग में कोदी, कुटकी, अरहर, जौ, मक्का, सरसों, रामतिल आदि की फसलों को बढ़ावा दें। किसानों को जिन फसलों से अधिक लाभ होगा उसे किसान जरूर अपनाएंगे।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल ने कहा कि अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। इसके विकास के लिए सही कार्ययोजना तैयार करें। सभी कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में इसकी समीक्षा करें। खेती के विकास की कार्ययोजना में सिंचाई के विकास, कृषि यंत्रीकरण, अधिक उत्पादन देने वाले बीजों का उपयोग, किसानों को सरलता से ऋण उपलब्धता, समर्थन मूल्य पर उपार्जन तथा फसल बीमा की सुरक्षा को शामिल करें। मौसम के पूर्वानुमान, प्रभावी कीट प्रबंधन, बीज की गुणवत्ता, खाद के उचित उपयोग तथा फसलों में जिंक, सल्फर जैसे माइक्रो न्यूट्रियंस के उपयोग को शामिल करके कार्ययोजना बनाएं। संभाग में कुपोषण का मुख्य कारण फसलों में आयरन की कमी है। इसे माइक्रो न्यूट्रियंस के उपयोग से दूर किया जा सकता है। संभाग के सभी जिलों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उर्वरक का उपयोग सुनिश्चित करें। मिट्टी के परीक्षण के लिए पीपीपी मोड पर विकासखण्ड स्तर पर शीघ्र ही प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। कलेक्टर कृषि उत्पादन संघों की संख्या बढ़ाएं। इनके कार्यों की हर माह समीक्षा करें। एफपीओ के माध्यम से ही बीज उत्पादन तथा वितरण कराएं। एसीएस ने कहा कि जिले की एक मण्डी को हाईटेक बनाकर उसमें अनाजों की आधुनिक तरीके से सफाई तथा ऑटोमेटिक पैंकिंग का प्लांट लगवाएं। किसानों को कैशलेस भुगतान की व्यवस्था करें। जमीन, फसल तथा किसान की रजिस्ट्री कराकर एग्री स्टेक की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लागू होते ही किसान को 15 मिनट में किसान क्रेडिट कार्ड मिल जाएगा। मिलेट मिशन में कोदी और कुटकी पर किसान को 10 रुपए प्रति किलो अतिरिक्त राशि दी जा रही है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सुपर सीडर और हैपी सीडर जैसे कृषि उपकरणों के उपयोग से नरवाई की समस्या का समाधान होने के साथ फसल की बोनी में 15 दिन की बचत होगी।

बैठक में संभाग के सहकारी बैंकों की आर्थिक स्थिति में सुधार, जैविक कीट नियंत्रण, इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम तथा स्केल ऑफ फाइनेंस की समीक्षा की गई। बैठक में सहकारी बैंकों के लंबित ऋणों की वसूली, सभी किसानों को क्रेडिट कार्ड जारी करने, कृषि के टर्म लोन की नियमित समीक्षा तथा कृषि फार्मों में बीज उत्पादन के निर्देश दिए गए।

## शासकीय आई.टी.आई. में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

रीवा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एक मई से प्रारंभ हो गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर कराकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में विस्तृत जानकारी आई.टी.आई. से प्राप्त की जा सकती है।

## अपर मुख्य सचिव आज संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे

रीवा। अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया की अध्यक्षता में 17 मई को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अपर मुख्य सचिव पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों के कार्यवाही बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे।

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़कर 31 मई की गई

रीवा। राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये गये थे। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

## डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

रीवा। प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, से एम पी ऑनलाइन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अनुपयोगी व खुले नलकूपों/बोरवेलों को मजबूत ढक्कनों से बंद करने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

रीवा। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने अनुपयोगी व खुले नलकूपों/बोरवेलों को मजबूत ढक्कन से बंद करने संबंधी आदेश जारी किये हैं। उन्होंने कहा है कि अनुपयोगी व खुले नलकूपों /बोरवेलों में छोटे बच्चे गिरने संबंधी तथ्य यदा-कदा संज्ञान में आते रहते है। उक्त घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत मऊगंज जिले की सीमा क्षेत्रान्तर्गत जिन बोरवेल का उपयोग नहीं किया जाता है या जिन बोरवेल में मोटर नही डाली है तथा जिसमें बोर केप नहीं लगा हुआ है उक्त खुले बोरो में बोर केप संबंधित मकान मालिक/किसान/संस्था को लगवाये जाने हेतु आदेशित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि अनुपयोगी अथवा खुले पड़े हुए बोरवेल को लोहे के मजबूत ढक्कन/कैप से नट बोल्टों की सहायता से मजबूती के साथ बन्द किया जाये। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट क्षेत्र का भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने हेतु उत्तरदायी होगें। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश 15 जुलाई 2024 तक प्रभावशील रहेगा। उक्त प्रभावशील अवधि में उक्त आदेश का उल्लंघन धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस मे विभिन्न गतिविधियों द्वारा लोगों को किया गया जागरूक

रीवा

डेंगू बीमारी की रोकथाम एवं बचाव हेतु सामुदायिक सहभागिता बढाने एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जिले के समस्त विकासखण्डों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। रीवा शहर के एकता नगर, वार्ड कमांक 25 में जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमे वार्ड वासियों को डेंगू से बचाव व रोकथाम की जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही मलेरिया की जाँच की गई। आशा, आँगनवाडी, वार्ड वासियों और मलेरिया विभाग के कर्मचारियों द्वारा डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली गई।

जिला मलेरिया अधिकारी एवं व्ही.बी.डी. टेक्नीकल सुपरवाइजर द्वारा गोविन्दगढ ब्लाक के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर मड़वा का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर मड़वा में उपस्थित मलेरिया निरीक्षक, सेक्टर सुपरवाइजर सी.एच. ओ.ए.एन. एम., समस्त आशाओं को डेंगू के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह सभी विकासखण्डों में भी डेंगू से बचाव हेतु समस्त मलेरिया निरीक्षक, सी.एच.ओ.. ए.एन. एम., आशा, सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा अपने अपने क्षेत्र में डेंगू की रोकथाम हेतु डेंगू बीमारी के लक्षण, मच्छरो की उत्पत्ति स्थल, मच्छरों की पैदाइस रोकने के उपायो के बारे सभी एच. डब्ल्यू सी. में बैठक लेकर लोगो को जानकारी दी गई एवं शपथ दिलाई गई। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस में विशेष अभियान चलाकर अपने अपने गाँवो में लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टिकरण एवं नारे लेखन का कार्य किया गया।




# शंभू काकू के 16वीं पुण्य तिथि पर शब्दांजलि

आज समर में उतर के वेटी,
तू दुर्गा माँ काली बन।
अस्तित्व बचाने के खातिर,
तलवार उठा बलशाली बन।।



रीवा। लोकभाषा बघेली के सुप्रसिद्ध कवि शंभू प्रसाद द्विवेदी 'शंभू काकू' को उनकी 16वीं पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति, रीवा एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा रघुराज सिंह सभागार स्वागत भवन रीवा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी ने की। अतिथियों में श्यामनारायण शर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रीवा, मानस मण्डल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, डॉ.शिवशंकर मिश्र 'सरस', डी.पी.सिंह, रेडक्रास सोसायटी के समन्वयक शशिधरमणि त्रिपाठी पूर्व संचालक मूक बधिर विद्यालय रीवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि रामनरेश तिवारी 'निष्ठुर' ने किया। कार्यक्रम में सीधी, सतना, शहडोल एवं रीवा के कवि एवं साहित्यकार सम्मलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीणावादिनी के चित्र पट पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन से हुआ, अतिथियों ने शंभू काकू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत संस्था के अध्यक्ष जगजीवन लाल तिवारी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि शंभू काकू का सम्पूर्ण साहित्य जनमानस को समर्पित रहा। अतिथियों ने शंभू काकू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## कलेक्टर जल जीवन मिशन की आज करेंगी समीक्षा

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक दोपहर बाद 3 बजे आरंभ होगी। बैठक में नल-जल योजनाओं के निर्माण की प्रगति, पूर्ण नल-जल योजनाओं को हस्तांतरित करने तथा जल प्रदाय की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## वृद्ध जन स्वास्थ्य दिवस 20 मई को

### वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने हेतु मनाया जाता है वृद्ध जन स्वास्थ्य दिवस

रीवा। वृद्ध हमारे समाज का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं। हमारे समाज में वृद्ध नागरिकों का विशेष स्थान है। यह किसी भी सफल समाज के दर्पण होते है और इस आधुनिक समाज में आज यह कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहें जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, मानसिक अवसाद, मोतियाबिन्द, बहरेपन, अकेलेपन आदि। वृद्धजन के बेहतर स्वास्थ्य संवर्धन हेतु जिले मे 20 मई को वृद्धजन स्वास्थ्य दिवस के रूप मे मनाया जाएगा जिसमें सभी 60 साल के मरीजों का स्वास्थ्य संस्थाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि जिले स्तर से विषय विशेषज्ञों को समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग हेतु भेजा जाएगा और चिन्हांकन कर मरीजों का उपचार प्रबंधन किया जाएगा तथा सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 60 साल से ऊपर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

# वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया विधिक जागरूकता शिविर





रीवा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव श्री आशीर्वाद भिलाला ने वृद्धजनों को शासन के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उनसे समस्याओं से अवगत हुए। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वृद्धाश्रम प्रभारी एवं अध्यक्ष रेडक्रास श्री प्रभाकर चतुर्वेदी एवं सचिव रेडक्रास श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ. राघवेन्द्र सिंह, आरती तिवारी, अनीष पाण्डेय सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

# रीवा संभाग में सब्जी और फल उत्पादन में अच्छा कार्य हुआ है : मिश्रा

## पुष्प और मसाले के क्षेत्र विस्तार तथा दूध संकलन बढ़ाने के प्रयास करें : एपीसी




रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एसएन मिश्रा ने उद्यानिकी, पशुपालन, दुग्ध संघ, मछली पालन एवं एमपी एग्रो की समीक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि रीवा संभाग में फल और सब्जी उत्पादन में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। रीवा प्रदेश में सब्जी उत्पादन में दूसरे तथा फल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। अनाज के बाद फल-सब्जी उत्पादन किसानों को सर्वाधिक आय और रोजगार के अवसर दे रहा है। फल और सब्जी के साथ-साथ पुष्प और मसाले के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दें। इनसे कम लागत में अच्छा लाभ प्राप्त होता है। सीधी जिले में मछली पालन के लिए केज का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। संभाग के अन्य जिलों में भी केज के माध्यम से मछली पालन कराएं। कलेक्टर खेती और इससे जुड़े अन्य व्यवसायों के विकास के लिए दीर्घकालीन योजनाएं बनाएं। उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए बड़े अभियान की आवश्यकता है। कलेक्टर किसी एक या दो फसल का चयन करके उससे अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। फल-सब्जी और मसालों की मार्केटिंग के लिए भी किसानों को उचित सुविधा उपलब्ध कराएं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि संभाग में मछली पालन की अपार संभावना है। सभी बारहमासी जलाशयों में मछली पालन अनिवार्य रूप से कराएं। बड़े सिंचाई बांधों में भी अच्छी मात्रा में मछली का उत्पादन हो सकता है। संभाग में दुधारू पशुओं की संख्या पर्याप्त है। इनके नस्ल सुधार के लिए अभियान चलाएं। दूध उत्पादन तथा संकलन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। नए मिल्क रूट का निर्माण कर दुग्ध सहकारी समितियाँ गठित कराएं। सहकारी समितियों का लंबित भुगतान तत्काल कराएं। संभाग में ऐरा प्रथा बड़ी समस्या है। इसे दूर करने के लिए गौशालाओं का सक्रिय संचालन कराएं। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य जैसे बड़े क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को रखने की व्यवस्था करें। इनमें गोबर गैस संयंत्र से बिजली उत्पादन जैसी इकाईयाँ भी संचालित कराएं। मऊगंज जिले में निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि दुग्ध संघ के सांची ब्रांड के उत्पादों की बिक्री के लिए सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सांची पार्लर स्थापित कराएं। कलेक्टर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन तथा दुग्ध संघ की विभागीय गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें। रीवा और सतना जिलों में फल और सब्जी का बहुत अच्छा उत्पादन हो रहा है। सीधी और सिंगरौली जिले में भी फल-सब्जी उत्पादन बढ़ाने के प्रयास करें। मछली पालकों तथा पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी कराएं। कलेक्टर जिला बैंकर्स सलाहकार समिति में इसकी नियमित समीक्षा करें। बैठक में एमपी एग्रो की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने गौशालाओं के सफल संचालन के लिए एक चौकीदार की व्यवस्था करने तथा जिले से प्रस्तावित तीन गौ अभ्यारण्य की स्वीकृति का अनुरोध किया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिग प्रेस विपि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833